हरिभूमि
रायपुर भूमि



## विशाल पंडाल में जनसमुद्र



रायपुर। सेजबहार में चल रही पं. प्रदीप मिश्रा की शिवपुराण कथा के लिए विशाल पंडाल बनाया गया है, जिसमें जनसमुद्र उमड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### चाकू सहित पकड़ा गया

**रायपुर।** मौदहापारा इलाके में चाकू लेकर घूम रहे बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। स्वीपर मोहल्ला में रहने वाला कनक रक्सेल जीएसटी टावर के पास लोगों को आतंकित करने का प्रयास कर रहा था।



उसके खिलाफ पहले भी इस तरह कि शिकायत थी। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस लगातार हो रही चाकूबाजी की घटनाओं की रोकथाम के लिए अभियान चला रही है।

### कई मंदिरों में चोरी करने वाले नाबालिग पकड़े गए

**रायपुर।** आधी रात घूमकर मंदिरों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तीन नाबालिगों को पकड़ा गया है। तीनों ने मिलकर विधानसभा, कोतवाली, गुढ़ियारी और खम्हारडीह के मंदिरों से चांदी का मुकुट सहित अन्य



सामान पर हाथ साफ किया था। उनसे घटना में उपयोग की जाने वाली बाइक सहित 60 हजार का सामान बरामद किया गया है। आरोपियों ने विधानसभा इलाके के एक मंदिर का ताला तोड़ा था। इसी दौरान समीप के सीसीटीवी में उनकी तस्वीर आ गई थी। इस आधार पर पुलिस ने उनकी तलाशी शुरू की और उनकी शिनाख्त कर हिरासत में लिया है।

### शराब नहीं पिलाई तो पीटा, मामला दर्ज

**रायपुर।** बीएसयूपी कालोनी मठपुरैना में शराब नहीं पिलाने पर नाराज दो लोगों ने मिलकर एक की पिटाई कर दी। टिकरापारा थाने की पुलिस ने मामला दर्ज कर उमेश और उसके एक अन्य



साथी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पंकज निर्मलकर ने शिकायत की थी कि आरोपी उसी की कालोनी में रहते हैं और अक्सर पीने-पिलाने के मामले में लोगों से उलझते रहते हैं। बीती रात पंकज का उनसे सामना हो गया और विवाद पर उसे हाथ-मुक्के से पीट दिया गया।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी लोकेश लाउत्रे दुर्ग का रहने वाला है। उसके खिलाफ पीड़िता ने टिकरापारा थाने में रिपोर्ट दर्ज



कराई थी कि उसके साथ जबरदस्ती की गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस घटना के बाद से फरार आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों में दबिश देती रही। मंगलवार को उसे सफलता मिली और आरोपी को धर दबोचा गया। आरोपी को न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया गया है।

---

लभांडी के दिगंबर जैन मंदिर में 21 दिसंबर की रात हुई थी चोरी की वारदात

# मंदिर का ठेका कर्मचारी निकला चोर, मां और भाई के साथ मिलकर दिया घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

दिगंबर जैन मंदिर में हुई चोरी में वहां काम करने वाले ठेका कर्मचारी का हाथ निकला। मूलतः भोपाल निवासी सुदीप माली ने अपनी मां सुषमा और भाई सागर के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था। मंदिर में भगवान के सोने-चांदी के आभूषण देखकर उसकी नीयत डोल गई और 21 दिसंबर की रात उसने सारा सामान समेट लिया था। जेवरों के साथ चांदी के बर्तन, भगवान की वेदी का छत्र सहित 15 लाख का सामान आरोपियों से बरामद कर लिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. लाल उमेद सिंह ने अन्य अधिकारियों के साथ मामले का खुलासा किया। लभांडी के दिगंबर जैन मंदिर में हुई चोरी के मामले में ठेकेदार रासू जैन की शिकायत पर पुलिस ने इस बड़ी चोरी का मामला पंजीबद्ध किया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पाया कि गर्भगृह का ताला टूटा हुआ है और सारा कीमती सामान गायब है। चोरों ने सीसीटीवी का तार भी काट दिया था। प्रकरण में तेलीबांधा पुलिस ने धारा 331(4), 305 (1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर अपनी जांच शुरू की। सबसे पहले मंदिर में काम करने वाले ठेका कर्मचारी को संदेह के दायरे में लाया गया। इसमें भोपाल के थाना बाजरिया के सेमरा चांदबड़ में रहने वाले 27 साल के सुदीप पिता सुरेश ▶▶ शेष पेज 13 पर

## 15 लाख का सामान बरामद

- सोने-चांदी के जेवर सहित चांदी के बर्तन भगवान की वेदी से छत्र तक समेट ले गए थे



### ऐसे रची साजिश

पूछताछ के दौरान सुदीप ने बताया कि योजना के मुताबिक उसने 21-22 दिसंबर को काम से छुट्टी ली थी। उसका भाई सागर यहां आ गया था, जिसके साथ मिलकर रात में उन्होंने मंदिर में चोरी को अंजाम दिया। मंदिर का कीमती सामान समेटने के बाद दोनों ट्रेन से मध्यप्रदेश रवाना हुए। योजना के अनुसार सुदीप आधे रास्ते से वापस शहर अपने काम पर लौट आया और सागर सामान लेकर गांव चला गया, जहां उसकी मां सुषमा मंदिर के कीमती जेवर और अन्य सामान लाने का इंतजार कर रही थी। पूछताछ में यह भी पता चला है कि आरोपी सुषमा भी पूर्व में मंदिर में काम कर चुकी है।

### यह सामान जब्त

सुदीप की रायपुर में गिरफ्तारी के बाद उसके गांव पहुंची पुलिस टीम ने सागर और सुषमा को हिरासत में लिया। उनके पास से मंदिर से चोरी चांदी की थाली, छोटी-बड़ी प्लेट, अभिषेक कलश, शांति धारा की बड़ी झारी, छत्र, अशिका, लोटा, गुंडी, गज्जी झारी, चम्मच, सोने का कलश, चांदी का पंचमेरू एवं अष्टप्रतिहारि सहित लगभग 15 लाख रुपए का सामान जब्त किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी और बरामदगी के लिए एसएसपी ने जांच टीम में शामिल पुलिस टीम को 10 हजार रुपए नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

---

# रविवि पहुंची यूजीसी टीम, पूछा- आपके यहां दिव्यांग छात्र कम क्यों? प्राध्यापक भी शून्य!

- देशभर के विश्वविद्यालयों का निरीक्षण कर रही है यूजीसी टीम
- दिव्यांग छात्रों और कर्मचारियों से बंद कक्ष में बातचीत, ली गई विविध जानकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में यूजीसी टीम निरीक्षण करने के लिए पहुंची। यूजीसी के सदस्यों ने तमाम जानकारियां लेने और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद पूछा कि विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में दिव्यांग छात्रों की संख्याएं इतनी कम क्यों है? इसके अलावा यूटीडी में दिव्यांग प्राध्यापक एक भी नहीं होने को लेकर भी उन्होंने आश्चर्य जाहिर किया। टीम ने रविवि अध्ययनशाला में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों और प्राध्यापकों से बंद कक्ष में बातचीत भी की। उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं को लेकर फीडबैक लिया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के उच्च अधिकारियों सहित सभी का प्रवेश प्रतिबंधित रहा।

विवि अध्ययनशाला में प्रवेशित छात्रों में से केवल 9 ही दिव्यांगजन हैं। संख्या में कमी को लेकर रविवि प्रबंधन ने कहा कि जितने विद्यार्थी आते हैं, उन्हें हम दाखिले देते हैं। आवेदन ही कम संख्या में प्राप्त होते हैं। इस पर यूजीसी टीम ने प्रवेश संख्या बढ़ाने और दिव्यांग विद्यार्थियों को इस ओर आकर्षित करने की बात कही।

### बनेगी रणनीति

सूत्रों के अनुसार, यूजीसी द्वारा देशभर के विश्वविद्यालयों में सर्वे किया जा रहा है। इसके लिए यूजीसी ने अलग-अलग राज्यों में अपनी टीमें भेजी हैं। ये टीमें देशभर के विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग छात्रों, प्राध्यापकों और अधिकारियों-कर्मचारियों के संदर्भ में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। इसके आधार पर यूजीसी द्वारा इनके लिए रणनीति बनाई जाएगी। वर्तमान में भी दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं यूजीसी द्वारा प्रदान की जाती रही है, लेकिन अब इसमें विस्तार करने की योजना है ताकि उनके लिए अध्ययन-अध्यापन सहित शैक्षणिक संस्थानाओं में काम को अधिक सुविधाजनक बनाया जा सके।

### स्पेशल टाइल्स वाले फूटस्टेप्स नहीं

दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए विशेष फूटस्टेप्स बनाए जाते हैं। इन्हें स्पेशल टाइल्स से निर्मित किया जाता है ताकि जो दृष्टिहीन हैं, उन्हें रास्ते का ज्ञान हो और वे गंतव्य तक पहुंच सके। रविवि के प्रशासनिक भवन से लेकर अधिकतर अध्ययनशालाओं में यह सुविधाएं नहीं मिली। लॉ, स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट सहित कुछ विभागों में भी दिव्यांग छात्रों के लिए प्रसाधन से लेकर अन्य सुविधाएं अपडेट रहीं। कमेटी अब अपनी रिपोर्ट यूजीसी को सौंपेगी। टीम द्वारा सुधार के लिए अन्य सुझाव भी विवि प्रबंधन को दिए गए हैं।

---

# हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगना शुरू, एक बार लगी तो हटाना मुश्किल सीक्रेट कोड से गाड़ी होगी ट्रैक

- राज्य में नई नंबर प्लेट लगाने का काम शुरू
- लाइट से चमकेगी प्लेट कैमरे में कैद होंगे नंबर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (नंबर) प्लेट लगाने का काम शुरू गया है। जो भी वाहन 2019 के पहले के रजिस्ट्रेशन वाले हैं, उन सब में यह नई नंबर प्लेट लगानी होगी। लिहाजा लोगों में अब इस नई नंबर प्लेट को लेकर उत्सुकता है कि यह क्यों लगाई जा रही है, इसमें ऐसा क्या है जो पहले वाली सामान्य नंबर प्लेट में नहीं था। खास बात ये है कि हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट अगर एक बार लगा ली गई तो इसे न हटाया जा सकता है न दूसरी प्लेट ▶▶ शेष पेज 13 पर

### ये है नई नंबर प्लेट की विशेषता

हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट यह एक एल्यूमीनियम की बनी हुई नंबर प्लेट है। इन्हें कम से कम वन टाईम यूज्ड स्नैप-ऑन लॉक के जरिए गाड़ी के फ्रंट और बैंक में लगाया जाता है। इसमें लगे एक खास स्नैप-ऑन लॉक का फायदा यह है कि इन्हें न तो आसानी से गाड़ी से हटाया जा सकता है और न ही एक बार हटाने के बाद दूसरी नंबर प्लेट लगाई जा सकती है। नंबर प्लेट में नीले रंग के होलोग्राम में अशोक चक्र प्लेट के ऊपरी बाएं कोने पर होता है। इसके अलावा खास 10 अंकिय पिन, 45 डिग्री के कोण पर इंडिया लिखा हुआ और भारत का अंतराष्ट्रीय पंजीकरण पहचान कोड आईएनडी अशोक चक्र होलोग्राम के नीचे ब्रांडेड किया गया रहता है।

### छत्तीसगढ़ में नई नंबर प्लेट लगना शुरू

राज्य में हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम शुरू हो गया है। जिन वाहनों के पंजीयन 2019 के पहले के हैं उन्हें यह नई नंबर प्लेट लगानी होगी। राज्यभर में नंबर प्लेट बदलने के लिए सरकार ने दो एजेंसियों को राज्य के आधे-आधे जिले बांटकर प्लेट लगाने का काम सौंपा है। नई नंबर प्लेट लगाने का पूरा काम ऑनलाइन माध्यम से होगा। इसके लिए परिवहन विभाग की वेबसाइट पर एक लिंक दिया गया है। इन नंबर प्लेटों के लिए वाहन के हिसाब से राशि लगेगी। स्कूटर, मोटर सायकिल मोपेड, कृषि ट्रेक्टर, पावर टिलर, टिलर के लिए 365 रुपए, तिपहिया के लिए 365, हल्के मोटर, पैसेंजर कार के लिए 656 रुपए और मध्यम, हेवी कामर्शियल वाहन के लिए 706 रुपए जीएसटी के साथ लगेंगे। यह राशि भी ऑनलाइन जमा करनी होगी।

---

# गंज मंडी पानी टंकी से 24 घंटे जल आपूर्ति का ट्रायल केके रोड में मिला लीकेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 24 घंटे जल आपूर्ति योजना में गंज मंडी पानी टंकी कमांड एरिया से पानी आपूर्ति का ट्रायल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।

- मौदहापारा, शिवनगर हांडीपारा, रामसागरपारा में नई पाइप लाइन से चल रही टेस्टिंग

इस दौरान केके रोड मौदहापारा क्षेत्र में केवल 1 जगह पाइप लाइन लीकेज मिला है, जिसे शट डाउन कर सुधारा गया है। मौदहापारा, समता कालोनी, शिवनगर हांडीपारा, रामसागर पारा, बजरंग नगर सहित अन्य इलाकों में नई पाइप लाइन से जल आपूर्ति की टेस्टिंग का ▶▶ शेष पेज 13 पर

### 2 घंटे अतिरिक्त पानी आपूर्ति, सुबह के समय ट्रायल

शहर में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने पहली बार एबीडी एरिया के 15 चुनिंदा वार्डों में पीने का साफ पानी नलों से 24 घंटे उपलब्ध कराने नई पाइप लाइन बिछाई है। इसी के तहत सोमवार से गंज पानी टंकी कमांड एरिया से कनेक्ट वार्डों में सुबह के समय 2 घंटे अतिरिक्त जल आपूर्ति की व्यवस्था पर काम किया जा रहा है। 130 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में 176 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन अनुबंधित एजेंसी ने बिछाई है। गंज मंडी पानी टंकी से शहर के 6 वार्डों को 24 घंटे साफ पानी मिलेगा। इनमें रमन मंदिर वार्ड, इंदिरा गांधी वार्ड, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड, तात्यापारा वार्ड, शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड और स्वामी आत्मानंद वार्ड शामिल हैं।

---

# महिला की छाती में था पांच किलो का ट्यूमर, जान जाने का था जोखिम, सर्जरी कर डाक्टरों ने बचा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पिछले दो माह से सांस लेने में हो रही परेशानी लेकर इलाज के लिए पहुंची 52 साल की महिला की छाती में पांच किलो का ट्यूमर था। गंभीरता के कारण जान जाने का जोखिम था, जिसे स्वीकारते हुए आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सकों ने सफलता पूर्वक सर्जरी की। कैंसर और हार्ट सर्जरी विभाग के डाक्टरों की टीम ने मिलकर इस ऑपरेशन को पूरा किया। आपात स्थिति से निपटने के लिए हार्ट लंग मशीन को तैयार रखा गया था, जिसकी जरूरत नहीं पड़ी।

- कैंसर और हार्ट सर्जन का ज्वाइंट ऑपरेशन, इमरजेंसी के लिए हार्ट लंग मशीन थी तैयार

शहर में रहने वाली 52 साल की महिला की तकलीफ के बारे में जानकर जब डाक्टरों ने सीटी स्कैन सहित अन्य जांच की, तो इस मेडिस्टाइनल ट्यूमर का पता चला था। पांच किलो वजनी ट्यूमर इतना बड़ा हो गया था कि महिला को सांस लेना कठिन हो गया था। अस्पताल में उसे ▶▶ शेष पेज 13 पर

## फेफड़े और हृदय से चिपका था ट्यूमर, दो महीने से सांस लेना हो गया था मुश्किल



### इनकी मेहनत हुई सफल

मरीज की मृत्यु का जोखिम को स्वीकारते हुए डाक्टरों की टीम ने इस आपरेशन को पूरा किया है। चिकित्सकीय टीम में आंको सर्जन डा. आशुतोष गुप्ता, डा. किशन सोनी, हार्ट-चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जन डा. कृष्णकांत साहू, एनेस्थेटिस्ट डा. प्रतिभा जैन, डा. जया लालवानी के साथ नर्सिंग स्टॉफ राजेन्द्र, नरेन्द्र, भूपेन्द्र, हरीश एवं अन्य स्टाफ शामिल था।

### ओपन हार्ट और बायपास सर्जरी जल्द

हार्ट चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी विभाग में जल्दी ही जरूरतमंद मरीजों को ओपन हार्ट सर्जरी और कोरोनरी बायपास सर्जरी की सुविधा मिलने लगेगी। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. संतोष सोनकर ने कहा कि कैंसर और सीटीवीएस विभाग अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए जाने जाते हैं। दोनों विभागों की चिकित्सकीय टीम ने संयुक्त प्रयास से जटिल ऑपरेशन को पूरा किया है।

---

# जगदलपुर में रात का पारा 10, शहर में पांच डिग्री ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- नमी के असर से अगले तीन दिन बन रहे बूंदाबांदी के आसार

पंजाब के पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जगदलपुर में दिसंबर के महीने में मौसम गरमाया हुआ है। वहां रात का तापमान सामान्य से दस डिग्री ज्यादा रिकार्ड किया जा रहा है, जबकि शहर का पारा पांच डिग्री अधिक रहा। आने वाली नमी के असर से अगले तीन दिन तक बूंदाबांदी के आसार बन रहे हैं। प्रदेश का मौसम बदला हुआ है और ठंड का असर कम हो चुका है। दिसंबर का अंतिम सप्ताह शुरू हो चुका है, मगर सरगुजा संभाग में शीतलहर की वापसी नहीं हुई है। मध्य इलाके में भी दिन का पारा सामान्य से अधिक रिकार्ड किया जा रहा है। जगदलपुर सहित बस्तर में पारा गर्म है। वहां अभी की स्थिति में न्यूनतम तापमान दस डिग्री तक दर्ज होना चाहिए, मगर अभी पारा 20 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। मंगलवार को राजधानी में दिन के वक्त बादल छाए रहे, वहीं चल रही हवा में भी ठंडकता रही। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के ▶▶ शेष पेज 13 पर

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

फीचर इम्पैक्ट

## आकाश से ही पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड में विकास की पहचान

# अगर इरादा नेक हो, तो खुशियां मुस्कुराती है...

## युवा जोश व समर्पण की भावना ने दी विशेष पहचान

### अपने क्षेत्र में लोकप्रियता की ऊंचाईयों को छुआ

**आकाश मानते है अपनी शिक्षा से नहीं अनुभव ज्ञान, योग्यता व समर्पण की भावना से व्यक्तित्व की पहचान होती है।**

25 दिसंबर

जन्मदिन विशेष...



## आकाश तिवारी

**अध्यक्ष - संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, रायपुर**
**पार्षद, पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड क्रं. 35**

### परिवार की विचारधारा से प्रभावित होकर थामा कांग्रेस का हाथ...

- कांग्रेसी विचारधारा वाले परिवार में जन्म हुआ। बचपन से ही कॉंग्रेस की रीति नीति को घर में ही समझता आया।
- दादाजी स्व. गंगाप्रसाद तिवारी जी 1975 में कांग्रेस के पंडरी यूनिट अध्यक्ष थे।
- पिताजी श्री अनूप तिवारी जी ने 1990 में शहर जिला युवा कांग्रेस के महामंत्री के पद पर सेवायें दी।

### 2002 में एनएसयूआई छात्र राजनीति से कांग्रेस से हुई शुरूआत :

- 2002 से एनएसयुआई के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कांग्रेस पार्टी का सदस्य बना।
- 2005 में छात्र राजनीति में एनएसयुआई के तत्कालिक प्रदेश अध्यक्ष श्री विकास उपाध्याय जी के मार्गदर्शन में रविशंकर विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन किया।
- 2008 विधानसभा चुनाव में एनएसयुआई के उत्तर विधानसभा प्रभारी बना तथा माननीय कुलदीप जुनेजा जी के चुनाव में सक्रिय योगदान दिया।
- 2009 लोकसभा चुनाव में शंकर नगर क्षेत्र में पार्टी के आदेशानुसार दायित्वों का निर्वहन किया।
- 2012 में तत्कालीन महापौर किरणमयी नायक जी के द्वारा जोन 3 में आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया।
- 2013 विधानसभा चुनाव में उत्तर विधानसभा के सिविल लाईस के 6 वार्डों में चुनाव का सफल संचालन किया।
- 2014 लोकसभा चुनाव में सक्रिय रूप से कार्य किया।
- 2014 निगम चुनाव में शंकर नगर जोन का चुनाव संचालन किया।
- 2016 में युवा कांग्रेस के संगठन चुनाव में अपने युवा आदर्श श्री उमेश पटेल जी के लिये कार्य किया।
- 2017 में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सिविल लाईन ब्लाक का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त हुआ।
- 2018 विधानसभा चुनाव में उत्तर विधानसभा की कोर कमेटी के सदस्य के रूप में वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन में चुनाव संचालन किया।
- 2019 लोकसभा चुनाव में सक्रिय रूप से भूमिका निभाई।
- 2002 से आज तक कांग्रेस के आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।
- 2008 से आज तक क्षेत्र के विधायक द्वारा आदेशित हर कार्य को पूरी निष्ठा के साथ पूरा किया।
- 2019 में कांग्रेस से पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड में पार्षद निर्वाचित हुए



### प्रमुख कार्य जिसने बदली पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड की दशा :

- अच्छी शिक्षा - बी.पी. पुजारी स्कूल का निर्माण
- बेहतर स्वास्थ्य - हमर अस्पताल नूरानी चौक
- सामुदायिक भवन निर्माण (सेवा सदन)
- बच्चों के खेलने हेतु एक्सप्रेस-वे के नीचे प्ले एरिया का निर्माण
- इंद्रावती गार्डन का जीर्णोद्धार
- आधुनिक धोबीघाट (छ.ग. का पहला)
- वार्ड का पहला स्मार्ट रोड
- रंगमंच निर्माण
- यादव पारा विशाल (भव्य) सामुदायिक भवन
- वार्ड में जल भराव से निजात
- सुगम सड़कों का जाल
- रायपुर नगर निगम में टेंकर मुक्त पहला वार्ड
- कवर्ड नाली
- ऑक्सीजोन का निर्माण
- महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कुकिंग क्लास, सिलाई मशीन एवं कढ़ाई क्लास लगाकर लगभग 500 महिलाओं को प्रशिक्षण दिलाया एवं जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन का भी वितरण किया।
- हमर चौक में जिम भवन का निर्माण।
- 17. अहिल्या बाई होल्कर चौक का निर्माण एवं उनकी जयंती व पुण्यतिथि नगर निगम से स्वीकृत कराया।
- कोरोनाकाल में फ्री राशन व सब्जी वितरण कर लोगों को आर्थिक सहायता व संबल प्रदान किया



### छोटी बड़ी जरूरत का ख्याल, हो रहा क्षेत्र का विकास

रविशंकर शुक्ल वार्ड एरिया शहर का सबसे पॉश एरिया है। यहां लोगों की हर छोटी बड़ी जरूरत को ध्यान में रखकर निर्णय लिए जाते हैं। जिससे क्षेत्र का लगातार बढ़ रहा है। शिक्षा के साथ-साथ अनुभव ज्ञान, योग्यता व समर्पण की भावना से जनसेवा का उद्देश्य रहा है। पहले नगर निगम के द्वारा सफाई की कोई व्यवस्था नहीं थी। अब यहां सफाई और कचरा उठाने वाली गाड़ी की व्यवस्था सुचारू रूप से चालू है, जिससे वार्ड की चमक बनी हुई है।



### दृढ़ संकल्प से विकास की रफ्तार

"वादे सिर्फ चुनाव जितने के लिए नहीं, बल्कि लोगों की परेशानी जानकर उसका निवारण करने के लिए किए जाते हैं। मैं नेता नहीं बल्कि जनसेवक बनना चाहता हूं, ताकि लोग मुझे अपने दिल में रख सके।"

जब से पार्षद तिवारी ने कार्यभार संभाला है तबसे वार्ड की सफाई व्यवस्था शानदार हो गया है। उन्होंने कोरोना में हम गरीब लोगों का जो सेवा किया वो लोगो के लिए एक मिसाल है।

**ठाकुरराम साहू,**
वार्ड वासी

आकाश ने अपने जनसेवा से पार्षद की एक मिसाल पेश किया है। निश्चित ही उन्होंने अपने नाम को सार्थक साबित कर दिखाया।

**लवली अरोरा,**
वार्ड वासी

## कुछ किया है... अभी बहुत कुछ करना बाकी है...


छत्तीसगढ़ का पहला स्वामी आत्मानंद स्कूल



राजमाता अहिल्याबाई होल्कर चौक



हमर अस्पताल


अमर चौक भवन


सामुदायिक भवन


उन्नत सड़कें


धोबी घाट


जलभराव से मुक्ति


अंडर ग्राउण्ड वायरिंग


यादव पारा भवन


रंगमंच



स्मार्ट टायलेट

**विनीत : सौरभ अग्रवाल, तरुण बजाज, परमीत सिंह होरा, सत्या अग्रवाल, अनिल चंदनानी, निशु होरा**

## खबर संक्षेप

### 25 को बाबा गुरु घासीदास जन्मोत्सव मनाया जाएगा



रायपुर। डॉ. राजेन्द्र नगर, गोवर्धन चौक रायपुर में 25 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास जी का 268वां जन्म जयंती समारोह मनाया जा रहा है, जिसमें पंथी नृत्य एवं रात्रि को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल, सुनील सोनी, इंद्रजीत गहलोत, आकाशदीप शर्मा, नीलकंठ जगत, समाजसेवी शीतल लहरे, तोरण जांगड़े आदि को आमंत्रित किया गया है।

### सूक्ष्म एवं लघु उद्यम फेसिलिटेशन काउंसिल का गठन

रायपुर। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के समाधान पोर्टल के माध्यम से सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के लेनदेन के मामलों में उत्पन्न होने वाले विवाद को सुलझाने प्रत्येक राज्य में सूक्ष्म एवं लघु उद्यम फेसिलिटेशन काउंसिल का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नवीन समिति एवं समिति के सदस्यों का गठन किया गया। मंगलवार को नवीन गठित समिति उद्योग भवन, उद्योग संचालनालय में प्रथम बैठक का आयोजन किया गया।

### नालंदा परिसर में लगेगी छायाचित्र प्रदर्शनी

रायपुर। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा नालंदा परिसर में 25 एवं 26 दिसम्बर को प्रातः 11 से रात्रि 8 बजे तक उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी में अटल बिहारी वाजपेयी की छत्तीसगढ़ से जुड़ी स्मृतियों के साथ-साथ केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार की एक साल की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

## निधन

### सचिन जग्गी



रायपुर। कचना 'सिटी आफ ड्रीम' कॉलोनी निवासी सचिन जग्गी (46) का 24 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. अर्श जग्गी के पुत्र थे।

### कमल किशोर यादव



रायपुर। रोहिणीपुरम गोल चौक निवासी कमल किशोर यादव (76) का 24 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 दिसंबर को उनके निवास स्थान से महादेवघाट के लिए निकलेगी। वे उर्मिला यादव के पति और चेतन, अभिषेक, मनीषा के पिता थे।

### रामकुंवर



रायपुर। सदर बाजार निवासी रामकुंवर (98) का 24 दिसंबर को निधन हो गया। वे आशालता, अशोक कुमार, अनिल कुमार की माता थीं।

**शपथपत्र**
**नाम परिवर्तन**

मैं प्रिया वाधवानी उम्र 38 वर्ष पति मनोज वाधवानी निवासी नवापारा राजिम जिला रायपुर छ. ग. वर्तमान पता आदर्श विहार गुढियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूं :-
1. यह कि मेरा विवाह दिनांक 10.12.2009 को स्थान सिन्धु भवन देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. में मनोज वाधवानी पिता नानक राम वाधवानी निवासी आदर्श विहार गुढियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के साथ हिन्दू सामाजिक रीति रिवाज अनुसार सम्पन्न हुआ है।
2. यह कि मेरा विवाह हिन्दू रीति रिवाजों के अनुसार सम्पन्न हुआ है हिन्दू रीति रिवाजो के अनुसार सम्पन्न होने से हिन्दू विवाह अधिनियम 1956 के अंतर्गत मेरा विवाह वैध है।
3. यह कि मुझे अपना विवाह पंजीयन कराने की आवश्यकता है इसलिए मेरे द्वारा पंजीयन अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेज आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
4. यह कि विवाह पूर्व मेरा नाम प्रियंका पंजवानी पिता श्री रामचंद पजवानी निवासी नवापारा राजिम जिला रायपुर छ.ग. था विवाह के पूर्व मुझे इसी नाम व पते से जानी पहचानी जाती रही हूं। विवाह पश्चात से सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार प्रिया वाधवानी पति मनोज वाधवानी के नाम से जानी पहचानी व पुकारी जाती हूं।
5. यह कि यह शपथपत्र विवाह पंजीयन कराने के समर्थन मे सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती

-सत्यापन-

मै प्रिन्सी त्रिपाठी यह सत्यापित करती हूं कि इस शपथपत्र की कंडिका 01 से 05 की बाते मेरे निजी जानकारी से सही व सत्य है अतः आज दिनांक को हस्ताक्षर कर सत्यापित करती हूं।

दिनांक - 21.11.2024
प्रिया
शपथकर्ती

# नववर्ष का स्वागत करने रात एक बजे तक का टाइम लाइन, तोड़ा नियम तो सख्ती बरतेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नववर्ष की पूर्व संध्या पर होने वाले किसी भी आयोजन को हर हाल में रात्रि एक बजे तक समाप्त करना होगा। इस सीमा अवधि को कोई लांघता है, तो उसके खिलाफ पुलिस सख्ती बरतेगी। होने वाले किसी भी तरह के आयोजन, आने वाली सेलीब्रेटी की जानकारी देनी होगी। डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित होगा और रात दस बजे तक के बाद खुले में साउंड सिस्टम का उपयोग नहीं किया जाएगा। आयोजकों को पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था रखनी होगी ताकि कहीं जाम की स्थिति नहीं बन पाए।

- आयोजनों की अनुमति जरूरी, पार्किंग की व्यवस्था पर्याप्त रखने की हिदायत

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. लाल उमेद सिंह ने अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, ढाबा एवं बार संचालकों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार के सूखे नशे का उपयोग नहीं होना चाहिए, अगर इस तरह की शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नववर्ष के साथ क्रिसमस में भी होने वाले तमाम कार्यक्रमों की जानकारी पुलिस को दी जाएगी। आयोजकों को यह भी बताना होगा कि कार्यक्रम किस तरह का होगा और कौन सी सेलीब्रेटी शामिल होंगे, आने वाले मेहमानों की संख्या कितनी होगी। आयोजन के दौरान किसी भी इलाके में सड़क पर पार्किंग की शिकायत नहीं आनी चाहिए, इसलिए सभी को पर्याप्त व्यवस्था रखनी होगी। अक्सर नववर्ष की पूर्व संध्या पर काफी रात तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, ऐसा नहीं चलेगा। सभी को रात्रि 12.30 बजे से 1 बजे के बीच कार्यक्रम को पूर्ण रूप से बंद करना होगा। सार्वजनिक स्थानों पर चारपहिया वाहनों में बैठकर शराबखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, ढाबा एवं बार संचालकों की एसएसपी ने ली बैठक



#### ब्रीथ एनालाइजर से जांच

31 दिसंबर की रात पुलिस द्वारा वीआईपी रोड सहित अन्य मुख्य मार्गों पर चेक पाइंट लगाकर जांच की जाएगी। वाहन चालकों की जांच ब्रीथ एनालाइजर से की जाएगी और शराब पीने की पुष्टि होने पर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही अन्य तरह के कानून तोड़ने वालों पर भी खड़ा एक्शन लिया जाएगा।

# ड्रोन से दवा पहुंचाने की सेवा हवा-हवाई, 11 महीनों से चल रहा ट्रायल रूटीन उपयोग में एक भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुदूर इलाकों के स्वास्थ्य केंद्रों तक बिना किसी अवरोध और कम समय में ड्रोन के माध्यम से दवा पहुंचाने की योजना हवा-हवाई प्रतीत हो रही है। 11 महीने पहले इसका पहला ट्रायल अंबिकापुर मेडिकल कालेज से हुआ था। इसके बाद भरतपुर-चिरमिरी, जशपुर, कोंडागांव और रायपुर में एक-एक स्वास्थ्य केंद्रों तक ड्रोन सेवा का ट्रायल हुआ, मगर नियमित उड़ान अब तक नहीं हो पाई है।

केंद्र सरकार की 'स्वास्थ्य सुविधाओं में ड्रोन तकनीक का उपयोग' योजना के तहत छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में ड्रोन के माध्यम से आवश्यक दवा और ब्लड सैंपलों की रिपोर्ट भेजने का प्रोग्राम है। इसके लिए सबसे पहले फरवरी में अंबिकापुर से उदयपुर स्वास्थ्य केंद्र के लिए दवा लेकर ड्रोन उड़ाया गया था। ट्रायल में यह योजना सफल हुई और इसे जल्द प्रारंभ करने के दावे किए गए। तर्क दिया गया कि दवा लेकर उड़ने वाले ड्रोन से समय की बचत होगी और सड़क मार्ग पर आने वाली बाधाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। उसके बाद 11 महीने बीत चुके हैं, मगर ड्रोन की दूसरी यानी नियमित उड़ान अब तक नहीं हो पाई है। इसके बाद अलग-अलग जिलों में यानी कोंडागांव जिले के सुदूर हेल्थ सेंटर, भरतपुर से चिरमिरी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जशपुर जिला मुख्यालय से ग्राम सन्ना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रायपुर में एम्स से धरसींवा सीएचसी तथा रायगढ़ जिले के तमनार हेल्थ सेंटर के लिए ड्रोन उड़ाया गया। सभी स्थानों पर ट्रायल सफल होने के दावे किए गए, मगर इसके बाद नियमित रूप से दवा लाने ले जाने वाले ड्रोन किसी भी हेल्थ सेंटर में उतरते दिखाई नहीं पड़े।

- अंबिकापुर, भरतपुर-चिरमिरी, जशपुर, कोंडागांव, रायपुर, तमनार में योजना

### जरूरत दक्ष स्टाफ की

हेल्थ सेक्टर में ड्रोन का उपयोग शुरू करने के लिए दक्ष स्टाफ की जरूरत होगी। उन्हें उन स्थानों पर तैनात किया जाएगा जहां से ड्रोन उड़ेगी और जिस स्वास्थ केंद्र में उतरेगी। इसके लिए एयर ट्रैफिक सर्विसेज की अनुमति लेना भी जरूरी होगा। दोनों प्रक्रियाएं अभी अधिकतर स्थानों पर पूरी नहीं हो पाई है। इसके साथ ही ड्रोन के नियमित संचालन के भी किसी एजेंसी से करार किया जाना है जो भी प्रक्रियाधीन होने के दावे किए जा रहे हैं।



### हवाई मार्ग से बीस, सड़क से पैंतालीस मिनट

एम्स से धरसींवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक ड्रोन सेवा का पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। ट्रायल के तौर पर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में इसकी शुरुआत तो हुई है, मगर इसके बाद ड्रोन नहीं उड़ी। ट्रायल के दौरान एम्स से उड़ा ड्रोन बीस मिनट में एम्स पहुंचा और सड़क मार्ग से दोनों गंतव्य का सफर पैंतालीस मिनट में पूरा होता है। सूत्रों का कहना है कि शहरी इलाके में ड्रोन का संचालन करने के लिए करार प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

**सीमित सुविधा**

ड्रोन योजना से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यह योजना उन्ही इलाकों में फायदेमंद हो सकता है, जहां पहुंचने के लिए साधन बिलकुल नहीं है। ड्रोन सेवा के जरिए सीमित मात्रा में ही दवा अथवा ब्लड सैंपल या रिपोर्ट भेजा अथवा मंगाया जा सकता है। इसका उपयोग इमरजेंसी के किया जा सकता है, मगर सामान्य स्थिति में इसके लिए पुराने संसाधनों पर ही निर्भर रहना होगा।

#### 90 हेल्थ सेंटरों को मिलेगा लाभ

ड्रोन के माध्यम से दवा भेजना का ट्रायल हुआ था। इसका नियमित उपयोग अभी शुरू नहीं हो पाया है। 90 हेल्थ सेंटरों को इसका लाभ मिल सकता है।

*- डा. जीएस जात्रा*
*सीएमएचओ जशपुर*

#### ड्रोन उड़ान सफल रहा

भरतपुर से तात्कालिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिरमिरी तक ड्रोन उड़ान का ट्रायल हुआ था जो सफल रहा। अभी इसका नियमित उपयोग शुरू नहीं हो पाया है।

*- डा. अविनाश खरे*
*सीएमएचओ भरतपुर-चिरमिरी*

#### काफी समय पहले हुआ था ट्रायल

ड्रोन से दवा अथवा ब्लड सैंपल रिपोर्ट भेजने का काम अभी शुरू नहीं हुआ है। काफी समय पहले इसका ट्रायल हुआ था अधिक जानकारी नहीं है।

*- डा. प्रेम सिंह*
*सीएमएचओ अंबिकापुर*

#### प्रक्रिया पूरी की जा रही

एम्स से धरसींवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीच ड्रोन सेवा का ट्रायल हुआ है। इसके बाद की आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

*- डा. मिथिलेश चौधरी*
*सीएमएचओ रायपुर*

# लाखेनगर चौक से सुंदर नगर मुख्य मार्ग मार्ग पर लगा रहे पेवर, धूल से मिलेगी राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में लाखेनगर चौक से सुंदर नगर मेन गेट तक और महादेवघाट मार्ग पर लोगों को धूल, मिट्टी से राहत दिलाने नगर निगम सड़क के दोनों ओर पेवर लगवा रहा है। यह कार्य पंद्रहवें वित्त आयोग मद से मिली राशि से कराया जा रहा है। करीब 1 करोड़ की लागत से चल रहे कार्य को एक सप्ताह के भीतर पूरा कराने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने विभागीय इंजीनियरों को निर्देश दिये।

- निगम आयुक्त ने किया स्थल निरीक्षण
- सप्ताहभर में काम पूरा कराने इंजीनियरों को दिए निर्देश

शहर में सड़कों से उड़ती धूल और मिट्टी से आम आदमी को राहत दिलाने और सुगम आवागमन को ध्यान में रखकर निगम प्रशाासन शहर के विभिन्न मार्गो पर पेवर लगवा रहा है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, सहायक अभियंता अंशुल शर्मा जूनियर, उप अभियंता रमेश पटेल की उपस्थिति में मंगलवार को लाखे नगर से सुंदर नगर मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान पेवर लगाए जाने के विकास कार्य की समीक्षा की। श्री मिश्रा ने कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता को पेवर लगाने का बाकी कार्य कार्य एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तायुक्त तरीके से पूर्ण करवाने निर्देश दिए हैं।

# सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड से 65 फीसदी कचरे का निष्पादन पूरा, 6 पोकलेन, 2 ट्रामर लगाए

दशकभर से दबे 450 मीट्रिक टन कूड़ा करकट निकालकर हो रही छंटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर दशकभर से दबे 450 मीट्रिक टन कूड़ा करकट को निकालकर उसकी छंटाई करने और वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन करने का 65 फीसदी काम पूरा हो गया है। रायगढ़ की एजेंसी ने इस कार्य के लिए स्पॉट पर 6 पोकलेन मशीन, 2 ट्रामर और 1 पावर स्क्रीन मशीन लगाई है। अनुबंधित एजेंसी को कार्य पूरा करने 31 दिसंबर तक मियाद मिली है। बारिश के सीजन में 3 माह काम बंद रहने की स्थिति रही, इसे देखते हुए और एनजीटी के निर्देश के बाद नगर निगम ने जून 2025 तक कार्य की समय सीमा बढ़ाने राज्य शासन को पत्र लिखा है।

- 31 दिसंबर तक काम पूरा करने मियाद, जून 2025 तक समय बढ़ाने शासन को पत्र

नगर निगम ने सरोना स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में करीब 24 एकड़ जमीन को सुरक्षित रखने और ट्रेंचिंग ग्राउंड की सूरत बदलने रायगढ़ की एजेंसी को 12 करोड़ 64 लाख रुपए में ठेका दिया है। एजेंसी शहरभर से डंप कूड़ा करकट का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन कर साइट क्लीयर कर देगी। अनुबंधित एजेंसी ने ट्रेंचिंग ग्राउंड में दबे कूड़ा करकट की खुदाई करने स्क्रीनिंग मशीन, ट्रामर और पोकलेन मशीन लगाई है। इनमें से 65 फीसदी दबे हुए कूड़ा करकट को निकालकर समतलीकरण कर लिया गया है।



### सरोना में बनेगा खेल मैदान और सुंदर गार्डन

नगर निगम ने सरोना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड की जमीन को सुरक्षित रखने 28 करोड़ रुपए का अनुमानित प्रोजेक्ट तैयार कर राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेज रखा है। साइट क्लीयर होते ही यहां खेल मैदान बनेगा, साथ ही सुंदर बगीचा विकसित करने की योजना है। खाली जमीन के एक तिहाई हिस्से में क्रिकेट, टेनिस जैसे खेलों को बढ़ावा देने खेल मैदान बनेगा। खेल मैदान और बगीचे में प्रकाश की व्यवस्था के लिए सोलर फार्म बनाने की योजना बनाई गई है। पूरे परिसर में चारों ओर बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर हरा-भरा रखा जाएगा।

### डूबान क्षेत्र में वेटलैंड का प्रस्ताव

सरोना लैंडफिल साइट क्लीयर होते ही प्रस्तावित प्रोजेक्ट पर काम करने ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय की जायेगी। योजना के मुताबिक डूबान क्षेत्र में जल संग्रहण के लिए वेटलैंड पार्क में वाटर प्यूरीफिकेशन के साथ ही जल संग्रहण का काम किया जायेगा।

# एक ही विषय और एक ही सिलेबस, लेकिन अलग अलग होंगे कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय के पर्चे

## हिंदी और इंग्लिश के पर्चे होते रहे हैं एक समान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस बार कला संकाय, वाणिज्य और विज्ञान संकाय के छात्र विषय तो एक ही पढ़ रहे हैं और उनका सिलेबस भी एक ही है, लेकिन उनके पर्चे अलग-अलग होंगे। रविवि ने सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए समय-सारिणी जारी कर दी है। इसमें इलेक्टिव सब्जेक्ट के लिए पृथक-पृथक तिथियां निर्धारित की गई हैं। अर्थात एक ही वर्ष के विद्यार्थी एक ही विषय की परीक्षाएं अलग-अलग दिलाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत मौजूदा शैक्षणिक सत्र से छात्रों को अपने संकाय के विषयों के इतर एक अन्य विषय चुनने की छूट दी गई थी। उदाहरणस्वरूप कला संकाय का विद्यार्थी वाणिज्य अथवा विज्ञान संकाय के किसी एक विषय का चुनाव कर सकता है।



इसे इलेक्टिव सब्जेक्ट नाम दिया गया। कला संकाय के विद्यार्थी इतिहास का अध्ययन करते हैं। अब यदि कॉमर्स संकाय के किसी छात्र ने इलेक्टिव सब्जेक्ट के रूप में इतिहास विषय का चुनाव किया है तो उसकी परीक्षाएं कला संकाय के छात्र संग नहीं होगी। कला संकाय और वाणिज्य संकाय के छात्र अलग-अलग तिथियों में इतिहास की परीक्षाएं दिलाएंगे। यही नियम अन्य विषयों में भी लागू होगा।

### कठिनाई का स्तर एक समान

सीबीएसई स्टैंडर्ड मैथ्स और बेसिक मैथ्स चुनने पर विद्यार्थियों के लिए परीक्षा में प्रश्नों का स्तर भिन्न-भिन्न रखता है, लेकिन विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में ऐसा नहीं होगा। ऐसा नहीं है कि सामान्य विषय के रूप में चयन करने पर अथवा इलेक्टिव विषय के रूप में चयन करने पर प्रश्नपत्रों के कठिनाई के स्तर में भिन्नता होगी। दोनों के ही ब्लू प्रिंट एक समान हैं और परीक्षा में प्रश्नों की कठिनाई का स्तर भी एक जैसा ही होगा। फाउंडेशन कोर्स अर्थात हिंदी और इंग्लिश का सिलेबस भी सभी संकायों का एक जैसा ही होता है, लेकिन इनके पर्चे भी एक ही होते हैं।

### तैयार करने होंगे दो पर्चे

विश्वविद्यालयीन स्तर पर प्रश्नपत्र दो तरह के तैयार करने होंगे। किसी भी विषय की परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र तीन सेट में तैयार किए जाते हैं ताकि प्रश्नपत्र लीक होन अथवा किसी तरह का विवाद होने पर बैकअप में रखे गए प्रश्नपत्रों का इस्तेमाल किया जा सके। अब चूंकि परीक्षाएं दो बार होंगी, इसलिए प्रश्नपत्र भी अधिक संख्या में छपवाए जाएंगे। समय-सारिणी जारी करने के साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा इस स्तर पर भी तैयारियां की जा चुकी हैं।

## पेज 11 के शेष ...

### मंदिर का ठेका...

माली की भूमिका संदिग्ध पाई गई। सुदीप पूछताछ के घटनास्थल पर अपनी उपस्थिति को लेकर लगातार बयान बदल रहा था। उसकी गतिविधि जब संदिग्ध हुई, तो सख्ती बरती गई और चोरी का राजफाश हो गया। सुदीप ने स्वीकार किया कि उसने अपने भाई सागर के साथ मिलकर चोरी को अंजाम दिया था और चोरी का सारा सामान मां सुषमा के पास भोपाल में है।

### महिला की छाती में...

हाईप्रेशर वेंटीलेटर में रखना पड़ा था। उसके असर से हृदय दूसरे हिस्से में शिफ्ट हो गया था और फेफड़े के साथ सांस की नली भी दब गई थी। ऑपरेशन करना जरूरी था और ओटी टेबल में मौत होने का जोखिम था। चिकित्सकीय टीम ने परिवार को इस खतरे के बारे में समझाया, तो अन्य अस्पतालों से निराश होने की वजह से वे मान गए। हार्ट लंग मशीन को इमरजेंसी के लिए स्टैंड बाइ मोड में रखा गया और कैंसर विभाग के सर्जन डा. आशुतोष गुप्ता और हार्ट एवं चेस्ट सर्जन डा. कृष्णकांत साहू ने अपनी टीम के साथ मिलकर सर्जरी पूरी की। ट्यूमर की समस्या ठीक होने के बाद महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अब कैंसर विभाग में उसकी कीमोथैरेपी कराई जाएगी।

### गंज मंडी पानी टंकी...

ट्रायल अभी सप्ताहभर और चलेगा। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, मोतीबाग पानी टंकी के कमांड एरिया से वार्डों में पानी का प्रेशर जांचने के बाद अब गंज पानी टंकी कमांड एरिया से पानी का प्रेशर बढ़ाने और पानी चोरी रोकने पर उनका फोकस रहेगा।

### हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट...

लगाई जा सकती है। यही नहीं, इस नई प्लेट में एक सीक्रेट कोड लगा होता, जिससे गाड़ी को ट्रैक करना आसान होता है।

**सीक्रेट कोड में होता है गाड़ी का ब्योरा** : इस नंबर प्लेट में सीक्रेट कोड होता है जिसमें गाड़ी से जुड़ी सारी डिटेल्स जैसे- चेसिस और इंजन नंबर, परचेसिंग डेट, गाड़ी का मॉडल, डीलर और रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी आदि होता है। कार में ये दोनों कोड कलर कोटेड स्टीकर पर भी लिखे होते है, जिसे विंडशील्ड पर लगाया जाता है। सीक्रेड कोड से गाड़ी को ट्रैक करना आसान होता है।

**इसलिए जरूरी है ये नई नंबर प्लेट** : हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट हर वाहन को एक यूनिक आईडेंटिटी देते है, जिससे वाहन के मालिक और ड्रायवर का पता लगाना आसान होता है। साथ ही यह अपराधों की रोकथाम और जांच में मददगार होता है। खासतौर पर चोरी, सड़क दुर्घटनाओं, या यातायात उल्लंघन के मामलों में नंबर प्लेट होने से आसानी होती है। इस नंबर प्लेट का कलर गाड़ी की कैटेगरी के अनुसार वाइट, यलो और ग्रीन होता है। ये कलर रिफ्लेक्टिव होते है, जिससे लाइट पड़ने पर अंक और अक्षर चमक उठते है। इससे ये सीसीटीव्ही कैमरे में आसानी से कैप्चर हो जाते हैं। नियम के अनुसार अलग-अलग कैटेगरी की गाड़ी में अलग-अलग साईज की नंबर प्लेट होती है। गाड़ी के हिसाब से प्लेट का साईज 280x45, 200x100, 340x200 एवं 500x120 होता है। गाड़ी के फ्रंट और रियर प्लेट का साइज अलग हो सकता है। इसकी मोटाई 1 मिमी होती है।

### नमी के असर से...

अनुसार अभी एक पश्चिमी विक्षोभ पंजाब और उससे लगे क्षेत्र में विस्तारित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में हवा की दिशा में परिवर्तन हो गया है, जिसके कारण पर्याप्त मात्रा में नमी आ रही है। बुधवार को बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं एक नया पश्चिमी विक्षोभ के पुनः सक्रिय होने के कारण 27-28 दिसंबर को भी हल्की बूंदाबांदी के आसार बन रहे हैं। फिलहाल प्रदेश के न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की गुंजाइश नहीं है।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



## क्रिसमस डे

## महाकोशल कला परिषद में क्रिसमस थीम पर चित्रों का प्रदर्शन आज





**रायपुर।** क्रिसमस के मौके पर महाकोशल कला परिषद द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा। इस दौरान महाकोशल आर्ट गैलरी में सुबह 10.30 बजे से चित्रकारों द्वारा तैयार क्रिसमस कला प्रदर्शनी का संचालन किया जाएगा। जिसका विषय यीशू के जन्म से अंतिम वक्त और सांता द्वारा बच्चों को उपहार देने की परंपरा पर आधारित है। प्रदर्शनी से पूर्व 50 से अधिक कलाकारों ने मनमोहक चित्र बनाई हैं। इन चित्रों को जल रंग, तैल रंग, एक्रेलिक, स्याही, चारकोल, पेंसिल डाइंग की मदद से तैयार किया गया है। बुधवार 25 दिसंबर को प्रदर्शनी में कोलाज, पोस्टर, फोटोग्राफ द्वारा इसका प्रदर्शन किया जाएगा।


### क्रिसमस कला प्रदर्शनी

प्रत्येक वर्ष क्रिसमस के अवसर पर महाकोशल कला परिषद द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें क्रिसमस के थीम पर ही चित्र तैयार की जाती है। प्रत्येक वर्ष प्रतिभागियों के चित्रों की प्रदर्शनी क्रिसमस के दौरान लगाई जाती है। परिसर में सुबह से देर शाम तक दर्शकों की भीड़ देखने को मिलेगी। प्रदर्शनी में नन्हे कलाकारों द्वारा तैयार चित्रों को भी देखने का मौका मिलेगा।

## सिटी इवेंट

## 27 को स्टार्टअप पर अनुभवी उद्यमी करेंगे चर्चा, फंडिंग जुटाने देंगे मार्गदर्शन

**रायपुर।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रायपुर फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप 27 दिसंबर को स्माल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (सिडबी), नई दिल्ली के सहयोग से प्रवर्तन 2024 का आयोजन कर रहा है। इस प्रमुख स्टार्टअप आउटरीच इवेंट का उद्देश्य महत्वाकांक्षी उद्यमियों, उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियों और निवेशकों को नवाचार और उद्यमशीलता की सफलता को बढ़ावा देने के लिए एक साथ लाना है। यह कार्यक्रम नवोदित उद्यमियों को स्टार्टअप इकोसिस्टम की जानकारी प्राप्त करने, प्रमुख निवेशकों के साथ नेटवर्क बनाने और अपने अभिनव विचारों को प्रस्तुत करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में आकर्षक पैनल चर्चाएं और स्टार्टअप पिचिंग सत्र होंगे, जो प्रतिभागियों को अनुभवी उद्योग पेशेवरों से सीधे सीखने और अपने स्टार्टअप के लिए फंडिंग जुटाने का अवसर प्रदान करेंगे।




### छत्तीसगढ़ में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा

इस कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण वक्ताओं की प्रतिष्ठित लाइनअप है। अराली वेंचर्स के सह-संस्थापक और मैनेजिंग पार्टनर राजीव रघुनंदन वेंचर कैपिटल और स्टार्टअप मेंटरशिप में बहुत अनुभव रखते हैं। राजीव ने कॉर्पोरेट फाइनेंस, बिजनेस कंसल्टिंग और टेक्नोलॉजी में 20 से अधिक वर्ष बिताए हैं। अन्य प्रमुख वक्ता सुश्री ऋचा बाजपेयी हैं, जो कैंपस फंड की सह-संस्थापक हैं, जो विशेष रूप से छात्र-नेतृत्व वाले स्टार्टअप में निवेश करती है। कार्यक्रम के बारे में डॉ. अनुज कुमार शुक्ला असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रभारी, इनक्यूबेशन सेल ने कहा कि प्रवर्तन 2024 विशेष रूप से छत्तीसगढ़ में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

## बॉलिंग कम्पटीशन में अतुल गर्ग ने लाया प्रथम स्थान



*रायपुर। अग्रवाल सभा युवा इकाई, युवा मंडल द्वारा समाज के युवाओं के लिए बॉलिंग कम्पटीशन का छेड़ीखेड़ी के रीबाउंस में आयोजन किया गया। युवा मंडल के अध्यक्ष राम अग्रवाल ने बताया कि इसमें लगभग 80 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें कचना मोहल्ले से अतुल गर्ग ने प्रथम और गीतांजलि नगर से सौरभ अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रचार- प्रसार प्रभारी आयुष मुरारका ने बताया कि विजयी प्रतिभागियों को अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने ट्रॉफी और नकद राशि देकर सम्मानित किया। इस दौरान युवा मंडल प्रभारी सुभाष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, संगठन मंत्री योगी अग्रवाल, सागर पारा संयोजक आयुष अग्रवाल समेत अग्रवाल समाज के सदस्य और अन्य लोग उपस्थित रहे।*

'रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाते गिरजाघरों में रविवार शाम से ही उत्सव का माहौल बनना शुरू हुआ। किसी ने प्रभु यीशु के स्वागत में कैरोल गायन किया, तो किसी ने यीशु के आगमन की खुशी में शामिल होने के लिए आने वाले लोगों के लिए गिरजाघरों में व्यवस्था की कमान संभाल ली। जैसे-जैसे समय नजदीक आ रहा था, उसी क्रम में लोग परिवार के साथ चर्च पहुंच रहे थे। कैरोल सिंगिंग के साथ समय बीत रहा था। घड़ी ने जैसे ही मध्यरात्रि का संकेत दिया, वैसे ही प्रभु यीशु के जन्म की खुशी हर चेहरे पर झलकी। जन्म के खास मौके को लोगों ने केक काट कर सेलिब्रेट किया।'

# आधी रात हुआ प्रभु यीशु का जन्म, प्रार्थना के बाद आतिशबाजी, चर्च में मनी खुशियां, कैरोल गीतों पर झूमे

**रायपुर।** शहर के सभी गिरजाघरों में प्रभु यीशु के आगमन की खुशी में शामिल होने के लिए हजारों की तादाद में लोग पहुंचे। इस मौके को खास बनाने के लिए मसीही समाज के युवाओं ने पटाखे भी फोड़े। दूसरी तरफ प्रार्थना सभा में जैसे ही चर्च के फादर बालक यीशु के प्रतिरूप को लेकर लोगों के समक्ष आए, वैसे ही प्रार्थना सभा मेरी क्रिसमस से गूंजायमान हो गया। लोग खुशी मनाते हुए आतिशबाजी करने में पीछे नहीं थे। आधी रात को केक काटकर प्रभु यीशु के जन्मदिन को उत्सव का रूप दिया गया। बनाई गई व्यवस्था के तहत लोगों को प्रभु यीशु के आने से जुड़ी बातों की जानकारी दी गई। इसके पहले ही जन्म से जुड़ी मान्यता के तहत लोगों ने चर्च के बाहर गोशाला को आकार दिया था। इसमें यीशु के जन्म का प्रतीक स्थल सजाया गया था। गोशाला की झांकी में माता मरियम की गोद में यीशु की प्रतिमा को भी भेड़, बकरी, गड़रिए की प्रतिमाओं के बीच दर्शाया गया।

## रंग-बिरंगी रोशनी से सजे गिरजाघर, आधी रात प्रभु जन्म की खुशी में काटा केक



### बच्चों और टीचर के लिए दिए संदेश



शताब्दी नगर तेलीबांधा संडे स्कूल में क्रिसमस जलसा प्रारंभ हुआ। इसमें सेंट पॉल चर्च के पास्टर सुनील कुमार द्वारा प्रभु यीशु मसीह के जन्म का शुभ संदेश दिया गया। क्रिसमस केट काटकर प्रभु का उत्सव मनाया गया। इसमें शताब्दी नगर संडे स्कूल के टीचर जैकलिन विशाल डगलस विशाल द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस प्रोग्राम में मास्टर कमेटी के सदस्य प्रवीण जेम्स नीरज शामिल हुए। राजेश जान पाल ने बच्चों और टीचर के लिए सुंदर संदेश दिया।

### कैंडल जलाकर की प्रार्थना



सिविल लाइन के सेंट पॉल चर्च ही नहीं, बल्कि बैरन बाजार स्थित सेंट जोसेफ चर्च में पहले से की गई तैयारी रंग लाई। चर्च परिसर में आतिशबाजी के बीच लोग कैंडल जलाते और प्रार्थना भी करते नजर आए। प्रभु यीशु के आगमन पर उनका स्वागत कैरोल गीतों से करने के लिए युवाओं के ग्रुप ने पहले से ही तैयारी की थी। इनका उत्साहवर्धन करते हुए लोग भी उनके रंग में रंगते नजर आए। इसी तरह का माहौल शहर के सभी चर्च में रहा। जन्मदिन के मिठास के साथ लोगों ने एक-दूसरे को प्रभु यीशु के आने का संदेश दिया। आने वाले लोगों ने कैंडल जलाने के बाद प्रभु यीशु के सामने प्रार्थना की।



### बच्चों ने दिखाई यीशु के जन्म की झांकी

क्रिसमस को लेकर बच्चों में भी काफी उत्साह रहा। चर्च में 30 बच्चों ने टोली बनाकर प्रभु यीशु के जन्म का मंचन किया। बच्चों ने यीशु की माता मरियम, पिता युसुफ, गड़रिया और स्वर्गदूत की पोशाक में तैयार होकर यीशु के प्रकट होने का सजीव चित्रण संवाद के जरिए दर्शाया। लोगों ने भी यीशु के जयकारे लगाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

### आज होगी विशेष सभा

शहर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाके के गिरजाघरों में भी उत्सव का माहौल रहा। अब बुधवार को सभी गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा होगी। इसमें प्रभु ने मानव के कल्याण के लिए जो रास्ता दिखाया है, उसे पादरी द्वारा प्रार्थना सभा में लोगों को बताया जाएगा। इसके साथ ही कई गिरजाघरों में दिनभर उत्सव की कड़ी में कैरोल सिंगिंग के साथ ही प्रभु यीशु के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बच्चों व युवाओं द्वारा नाट्य मंचन भी किया जाएगा। भनपुरी, रावांभाठा स्थित गिरजाघरों में भी दिनभर मसीही समाज के लोगों द्वारा कई आयोजन किए जाएंगे।

# कला संस्कृति की बिखरी अनोखी छटा

**रायपुर।** शहर स्थित स्कूलों में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा। इस दौरान नन्हे छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। समारोह में देश-विदेश की संस्कृति एवं परंपरा का अद्भुत मेल देखने को मिलता है। जहां छात्र-छात्राएं पारंपरिक वेशभूषा और लोक गीतों पर अपनी प्रस्तुति अतिथियों एवं परिजनों के समक्ष प्रस्तुत करते हैं।



### मंच पर पंथी और राउत नाचा

*वीर छत्रपति शिवाजी इंग्लिस मीडियम स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इसमें नन्हे छात्राओं द्वारा गणेश वंदना पर शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। योग, प्राणायाम एवं विभिन्न आसनों का प्रदर्शन समारोह में आकर्षण का केंद्र बना रहा। साथ ही पंजाबी, राजस्थानी, जुंबा, पंथी, छत्तीसगढ़ी राउत नाचा पर शानदार प्रस्तुति दी गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल, निजी विद्यालय के चेयरमैन आचार्य सुरेन्द्र प्रताप, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, स्कूल के डायरेक्टर मुकेश शाह उपस्थित रहे।*

### महिषासुर वध पर नृत्य नाटिका का मंचन

नृत्यांजनः सिम्फनी ऑफ डांस थीम पर वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें शिव स्तुति पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से भगवान शिव के कई स्वरूपों पर नृत्य का मंचन किया। इसके बाद माता कात्यायनी की कथा पर आधारिक महिषासुर वध पर भी नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वरूप लोकप्रिय अभिनेता अनुपम खेर शामिल हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी, पंजाबी गानों पर गिद्दा व भंगड़ा, शास्त्रीय नृत्य कथक और गुजराती नृत्य की प्रस्तुति दी गई।



### तबला के संग कथक की मनमोहक प्रस्तुति



श्रीराम संगीत महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाकोशल संगीत समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी व कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राधा पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि डॉ. विजय विष्णु प्रसाद जोशी व सुधाशु शेखर शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से किया गया। कथक, तबला, गायन की विभिन्न कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। डॉ. राजश्री नामदेव के द्वारा तैयार नृत्य नाटिका मां की ममता, सीता स्वयंवर, गायन, तबला का कार्यक्रम हुआ। साथ ही कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## किन्नरों की जीवन व्यथा पर आधारित नाटक का मंचन

# नाटक 'शिखंडी' से बयां हुई किन्नरों की पीड़ा, कहा- हमने नहीं चुना यह शरीर, जो ईश्वर ने दिया उसे स्वीकार किया

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** हां एक सवाल, अब भी बना हुआ है? समाज में हमें जगह कब मिलेगा? किन्नरों की सामाजिक समरसता के प्रयास में भरत वेद द्वारा लिखित नाटक 'शिखंडी' का मंचन मंगलवार की शाम किया गया। महाराष्ट्र मंडल रंगभूमि द्वारा किन्नरों के जीवन पर आधारित रेडियो नाटक का शानदार मंचन किया गया। सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में किन्नर व्यथा नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किन्नर समाज से विद्या राजपूत और निशा देशमुख द्वारा लिखित कविताओं की प्रस्तुति दी गई।

### कविता सुन दर्शक हुए भावुक

- हमने नहीं चुना ये शरीर,
- जो दिया प्रभु ने उसे स्वीकारा है।
- हमें अपनों ने कहां अपना माना है?
- जन्म लिया, तिरस्कार में जिए।
- समझा यही जीवन है।





### सम्मान और समानता क्यों नहीं?

*नाटक के दौरान किन्नरों के जीवन के प्रारंभ से लेकर समाज की उनके प्रति धारणाओं को बताने का प्रयास किया गया। इसमें समाज के लोगों से सवाल पूछा गया कि, हमें सम्मान और समानता क्यों नहीं? बचपन से घर छूट जाता है, लोगों से तिरस्कार मिलता है। इस अवसर पर मंच पर कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति देख दर्शकगण भावुक हो गए।*

### किन्नरों ने समाज के व्यक्तियों से किया प्रश्न

रंगभूमि से आचार्य रंजन मोड़क ने बताया, जब फसल पक जाती है तो पक्षियों को वहां से खदेड़ दिया जाता है। ऐसी ही व्यवहार हमारा समाज किन्नरों के साथ करता है। जब उनके अपनों ने ही उनकी पीड़ा को ना समझा तो दूसरों से कैसी अपेक्षा? किन्नर कहीं ना कहीं आज भी दुखी हैं। आदिकाल में श्रीराम ने वनवास जाने के दौरान नगरवासियों से चर्चा की। जिसके अंत में कहाए सभी नर-नारी अपने-अपने घर चले जाए...इस वाक्य के पश्चात श्रीराम 14 वर्ष के वनवास में चल गए। वनवास पूर्ण कर वापस आने पर 14 साल से इंतजार कर रहे, उस स्थान पर किन्नर मिले। जिन्होंने कहाए प्रभु आपने नर-नारी को जाने की आज्ञा दी थी, पर हमें आज्ञा मिली ही नहीं। जिसके कारण हम 14 वर्ष से इस स्थान पर हैं। किन्नरों की इस तपस्या भाव को देख श्रीराम ने उन्हें वरदान दिया कि जिन व्यक्तियों को किन्नर वरदान देंगे, वह पूर्ण होगा।



आराधना

# मोबाइल की वजह से भूलने की प्रवृत्ति हो रही विकसित



**रायपुर।** ऋषभदेव परिसर में गुरु आनंद स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर का चौथा दिन रहा। शिविर में धार्मिक, सांस्कृतिक गतिविधियां जैन संतों उप प्रवर्तक डॉ. सतीश, साध्वी विजय श्री, प्रियदर्शना श्री, डॉ. सुमंगल प्रभा सहित अन्य के सानिद्धय में जारी है। उनके अलावा अनके साधु-साध्वी इस समय ऋषभदेव प्रांगण में हैं। उनके द्वारा देश के अलग-अलग शहरों से आए 300 से ज्यादा साधकों को जैन धर्म की शिक्षा प्रदान की जा रही है। शनिवार को भीलवाड़ा राजस्थान से जैन समाज के मोटिवेशनल स्पीकर सीए ध्रुव गोखरू का रात्रि 8 बजे नगर आगम हुआ। उन्होंने सोशल मीडिया का हमारे जीवन में तेजी फेलता दुष्प्रभाव और उसके बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूलने की प्रवृत्ति इस मोबाइल की वजह से ज्यादा विकसित हो रही है।

### पांच अलग-अलग खंडों में स्वाध्याय शिविर

पांच अलग-अलग खंड में स्वास्थ्याय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सीए गोखरू ने 150 से अधिक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उद्बोधन दिया है, जिसे लोग बेहद पसंद करते हैं। बड़े हर्ष और उल्लास का वातावरण इस आयोजन को लेकर दुर्ग शहर पर बन रहा है। इधर संतों के सानिध्य में नियमित रूप से धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है। धर्म ज्ञान संस्कार के बीजारोपण संतों द्वारा दिया जा रहा है। आने वाले दिनों में प्रशिक्षित साधक देश के विभिन्न शहरों में जहां साधु-साध्वी चातुर्मास के दौरान नहीं पहुंच पाते हैं, उन शहरों एवं देश के विभिन्न गांव में जैन धार्मिक जैन संस्कारों का बीज रोपण करने का कार्य स्वाध्यायी साधक करेंगे।

धर्म लाइव

# पंडरी गुरुद्वारा में मनप्रीत सिंह का गुरुवाणी कीर्तन आज





**रायपुर।** शहीदी सप्ताह के अंतर्गत वीर बाल दिवस के अवसर पर पंडरी गुरुद्वारा में बुधवार रात विशेष कीर्तनी दीवान सजाया जाएगा, जो रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होकर अरदास के साथ संपन्न होगा। इस कार्यक्रम में प्रख्यात कीर्तनी जत्थेदार मनप्रीत सिंह-कानपुरिया अपने जत्थे के साथ गुरुवाणी कीर्तन में चार साहिबजादों की शहादत-वीरता के इतिहास की गाथा का वर्णन करेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम सिख समाज ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी शामिल होंगे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के इंदरजीत सिंह चावला, मनिन्दर सिंह, लवली अरोरा ने गुरु घर प्रेमियों से इस विशेष कीर्तनी दीवान में शामिल होने की अपील की है।

### शहीदी पर्व में शामिल होने की अपील की

कीर्तन दीवान सुबह 11 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक सजेगा, जिसमें मक्खन सिंह, भूपिन्दर सिंह अपने जत्थे के साथ गुरुवाणी कीर्तन करेंगे। दशमेश सेवा सोसायटी एवं देवेंद्रनगर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने मिलकर राजधानी रायपुर में यह विशेष आयोजन किया है। सोसाइटी के जसबीर सिंघ भाटिया, प्रीतपाल सिंघ होरा, बॉबी होरा, राजू भूटानी, सतिन्दर सिंघ (सग्गु), गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से बीवी रजिन्दर कौर, दिलेर सिंघ होरा ने सभी गुरु नाम लेवा संगत से शहीदी पर्व में शामिल होने की अपील की है।

सिटी इवेंट

# जेसीआई के सदस्यों को मिली नई जिम्मेदारी, उत्कृष्ट कार्य पर हुए सम्मानित




**रायपुर।** जेसीआई वामांजलि का पुरस्कार और शपथ ग्रहण समारोह वृन्दावन हॉल में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इसमें लगभग 200 लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीपीपी जेएफआर राजेश अग्रवाल, अतिथि एसएसपी लाल उमेद सिंह और शपथ ग्रहण अधिकारी जेएफएस अमिताभ दुबे रहे। चैप्टर समन्वयक अनन्या मिश्रा और प्रभारी संगीता अनल ने समारोह में अहम भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त आईपीपी अर्चना दिवेदी, अध्यक्ष आकांक्षा प्रीत, सचिव प्रियंका गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित रहे। कमल पत्र से वर्तमान प्रेसीडेंट इशानी टोटलानी को सम्मानित किया गया। नवनियुक्त प्रेसीडेंट आकांक्षा प्रीत को कॉलर से सम्मानित कर पदभार सौंपा गया।

## परिवार थीम पर बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

रायपुर। न्यूटन्स इंटरनेशनल स्कूल नरदहा ने अपने तीसरे वार्षिकोत्सव का आयोजन परिवार थीम पर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में



कोपल वाणी, स्कूल की प्राचार्या पद्मा शर्मा और एंजल स्कूल की प्राचार्या अंजुला ने शिरकत की। प्री-प्राइमरी वर्ग से हेतांश वर्मा और जिया साहू को डॉ. राकेश कुमार सिंह ने बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड से सम्मानित किया। वहीं, प्राइमरी वर्ग से मोहनिश वर्मा और सेजल साहू को सतेन्द्र कुमार ने बेस्ट स्टूडेंट का अवार्ड दिया। कार्यक्रम का समापन प्राचार्या बबली गांगुली और डायरेक्टर डॉ. उत्तम गांगुली के प्रेरणादायक भाषणों के साथ हुआ।



## पंडाल में ज्योतिर्लिंग के दर्शन

शिव महापुराण कथा के दौरान पंडाल को 12 ज्योतिर्लिंग के आधार पर सजाया गया है। इसमें सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, केदारनाथ, भीमाशंकर, विश्वनाथ, त्र्यंबकेश्वर, वैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वर, घुश्मेश्वर शिवलिंग तैयार किया गया। पहाड़ की आकृति में तैयार पंडाल को आकर्षक ढंग से तैयार किया गया है।





### पं. प्रदीप मिश्रा बोले-समस्या होने पर शिवलिंग पर एक लोटा जल चढ़ाएं

# शिवमहापुराण की कथा सुनने उमड़ा जनसमुद्र श्री शिवाय नमस्तुभ्यं से गूंजी राजधानी

श्री शिव महापुराण कथा का प्रारंभ मंगलवार से किया गया है, जहां प्रथम दिन ही भक्तों का सैलाब शिव पंडाल में देखने को मिला। सेजबहार में आयोजित शिव महापुराण में कथा वाचक स्वरूप पं. प्रदीप मिश्रा शामिल हुए, जिन्होंने शाम 5 बजे तक शिव कथा का वाचन किया। इस मौके पर श्रद्धालु शिव भक्ति में लीन होकर शिव नाम का जाप करते नजर आए। कथा के दौरान मुख्य आयोजन समिति से कमल देवांगन, विनोद देवांगन और डॉ. ओमप्रकाश देवांगन शामिल हुए। कथा का शुभारंभ सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

**रायपुर।** ऊं नमः शिवाय...श्री शिवाय नमस्तुभ्यं...के जाप से कथा का प्रारंभ किया गया। जहां पं. प्रदीप मिश्रा के आगमन के साथ ही श्रद्धालुओं ने नमन कर उनका स्वागत किया। कथा स्थान पर शिव भक्तों ने भगवान शिव के जयकारों के साथ कथा का आनंद लेते नजर आए। इस अवसर पर कथा में शिव भक्त हजारों की संख्या में उपस्थित रहे। इसमें पंडाल के अंतिम छोर तक भक्तों की भीड़ देखी गई।



### शिव महापुराण कथा सुनने वाले व्यक्ति में 4 गुण शामिल हो जाते हैं

*1.संयम- कथा को श्रवण करने वाले व्यक्तियों के भीतर संयम भाव आ जाता है। जो कथा से एक दिन पहले ही कथा स्थान पहुंचकर दूसरे दिन कथा के प्रारंभ होने का इंतजार संयम पूर्वक करता है।*

*2.सदाचार- एक दूसरे के प्रति सम्मान और आदर का भाव उत्पन्न होता है।*

*3.स्नेह - भगवान शंकर की कथा व्यक्तियों के भीतर प्रेम व स्नेह भाव लाती हैं।*

*4.सेवा- अपने अलावा दूसरे लोग और जीव जन्तुओं के प्रति सेवा भाव रखना । निःस्वार्थ भाव से किसी की मदद करना कथा के माध्यम से व्यक्ति में गुण आता है।*

### भजन से कथा का शुभारंभ

*पं. मिश्रा ने बाबा तेरे भरोसे...भजन के साथ कथा का प्रारंभ किया। उन्होंने कहा, शिव बाबा पर विश्वास बनाकर चलें, हमें कुबरेश्वर महादेव पर श्रद्धा रखनी चाहिए। जो हमारी चिंता का निवारण जरूर करेंगे। जिस भक्त के हृदय में भगवान शिव के दर्शन के भाव होते हैं, समझ लेना उन्हें प्रभु के हृदय में कहीं ना कहीं स्थान मिला है। जिसके कारण वह भक्ति कर रहा है। शिव महापुराण कथा के उमा संहिता के अनुसार जो व्यक्ति कथा पंडाल में रात गुजारता है, वह 12 ज्योतिर्लिंग में जाकर रात गुजारने तक का फल पाता है। व्यक्ति को सबसे प्रबल सेवा करने की सीख भगवान शिव से सीखना चाहिए। जब देव असुरों से परेशान हो जाते हैं, तब वह भगवान शंकर के शरण में जाकर अपनी समस्याओं को बताते हैं।*

### एक लोटा जल सभी समस्याओं का हल...

*बोल बम का सहारा है, बाबा एक सहारा है..एक लोटा जल सभी समस्याओं का हल...शिव को रोजाना एक लोटा जल समर्पित करने पर पं. प्रदीप मिश्रा ने जोर दिया। अपने संबोधन में उपस्थित श्रद्धालुओं से रोजाना एक लोटा जल शिवलिंग पर अर्पित करने की बात कही है। समस्या होने पर भगवान शिव पर विश्वास रखते हुए, उनके मंदिर में सेवा और समर्पित भाव से पूजन, रोजाना एक लोटा जल अर्पित करने की बात कही। कथा के दौरान मेरे भोले बाबा को अनाड़ी मत समझो...भजन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। पंडाल के प्रारंभ से लेकर अंतिम छोर तक महिलाओं की सबसे अधिक संख्या देखने को मिली। शिव महापुराण के पहले दिन कथा स्थान पहुंचने के लिए 2 किलोमीटर से अधिक लंबी श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली।*

### शिवलिंग पर जल अर्पित से श्रद्धालुओं को लाभ

बिलासपुर के कुली ग्राम से 26 वर्ष की रानू साहू का पत्र पढ़ा गया। साल 2021 के जुलाई माह से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी, जिसमें पूर्ण रूप से सफलता नहीं मिल रही थी। परिजनों के कहने पर रोजाना एक लोटा जल शिवलिंग में अर्पित करना प्रारंभ किया और भगवान शिव पर विश्वास रखकर पढ़ाई पूनः प्रारंभ की। जिसके बाद 28 अक्टूबर 2024 में छत्तीसगढ़ पुलिस सब इंस्पेक्टर के पद पर भर्ती हुआ। अनेक असफलता के बाद यह सफलता मिली है, कथा के दौरान रानू को पं. प्रदीप मिश्रा ने मंच पर आमंत्रित कर आशीर्वाद स्वरूप बेल पत्र भेंट किया।

### यूपीएससी परीक्षा की उत्तीर्ण

जांजगीर चांपा निवासी अविनाश उपाध्याय ने पत्र में लिखा, कई वर्षों से लगातार यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। लेकिन, हमेशा 2-3 नंबर से मौका नहीं मिल पा रहा था। जिसके बाद मां के कहने पर मंदिर में सेवा और रोजाना शिवलिंग पर जल अर्पित किया। 2 अगस्त 2023 में पंडाल में जाकर कथा सुना और मन में भगवान के समक्ष अर्जी लगाई। वर्तमान में मैं यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की है, जो एक चमत्कार से कम नहीं है।

### बाल गोपाल संग कथा में पहुंची महिला

इस अवसर पर पंडाल में महिला बाल गोपाल के संग कथा सुनने पहुंची। लाल रंग के पोशाक संग चमचमाते आभूषण आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस दौरान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप को मोर पंख संग लाल पगड़ी से श्रृंगार किया गया। भजनों के दौरान महिला लड्डू गोपाल संग थिरकती नजर आयी। वहीं, अन्य श्रद्धालु यह दृश्य कैमरे में कैद करते दिखे।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस
चादरें 9x9 400 से 1000 तक | कम्फर्टर दोहड़ | कम्बल रजाई | प्रोटेक्टर तकिया | सोफा कमबेड रजाई-गद्दा कव्हर | टावेल रुई गद्दा | सोफा कव्हर
पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
संजय रुई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

पिकनिक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक
बारनावापारा, सिरपुर में पिकनिक प्रति व्यक्ति केवल 650/- में
नाश्ता - दोपहर का लंच, शाम की चाय (मिनिमम 50 व्यक्तियों हेतु)
आओ और अपने परिवार और मित्रों के साथ एक यादगार दिन बिताएं!
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
Book Now ▪ KITTY PARTY ▪ ANNIVERSARY ▪ BIRTHDAY PARTY
भामरा गार्डन बारनवापारा
9589386162

SM@RT
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com
0771-2433880
CCTV | Biometrics | Fire Safety | Video Conf. | Networking & IT Solutions | Vehicle Traking

GK TMT सपनों को जीके देखो
श्रीनाथ ट्रेड लिंक के सौजन्य से
दुर्गा मंदिर के पास मेन रोड डुंडा, रायपुर
मो. 98271-34515 89592-22666
लकी ड्रॉ 31 मार्च 2025 को
150 बंडल जीके टीएमटी की खरीदी पर आकर्षक उपहार
प्रथम प्राइस 265 लीटर डबल डोर फ्रिज
द्वितीय प्राइस टॉप लोड वाशिंग मशीन
अन्य प्रतिभागी जो 150 बंडल टीएमटी उठा चुके हैं उनके लिए अन्य आकर्षक उपहार

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 79871 19756, 90981 38778

# नए टैरिफ के लिए जनसुनवाई पर फंसा पेंच, नियामक आयोग में दो सदस्यों का पद ही खाली

## एक सदस्य का सवा साल और एक का छह माह पहले समाप्त हो गया है कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में बिजली का नया टैरिफ तय करने से पहले होने वाली जनसुनवाई पर इस बार बड़ा पेंच फंस गया है। दरअसल इस समय बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष के साथ रहने वाले दो सदस्यों का पद खाली है। बिना कोरम के किसी भी तरह की सुनवाई नहीं हो सकती। एक सदस्य का कार्यकाल बीते साल सितंबर में पूरा हो गया था। एक और सदस्य का कार्यकाल इस साल जुलाई में पूरा हुआ है। अब तक दोनों पदों पर नई नियुक्ति नहीं हो सकी है। नई नियुक्ति के बाद ही टैरिफ पर जनसुनवाई और नए टैरिफ का फैसला हो पाएगा। प्रदेश के बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष हेमंत वर्मा के साथ पहले लीगल सदस्य के रूप में विनोद देशमुख और तकनीकी सदस्य के रूप में सीके गुप्ता काम कर रहे थे। इनका कार्यकाल अब समाप्त हो गया है। अब तक किसी और सदस्य की नियुक्ति नहीं की गई है। बिना सदस्यों के आयोग में अब किसी भी याचिका भी फैसला नहीं हो सकता है।

## बिजली की 45 सौ करोड़ घाटे की याचिका

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें 45 सौ करोड़ की कमी बताते हुए इसकी भरपाई की मांग रखी है। वैसे तो पॉवर कंपनी को नए सत्र में लगभग 15 सौ करोड़ का फायदा होने का अनुमान है, लेकिन पुराने 2023-24 के सत्र का 6130 करोड़ रुपए का अंतर है। इसमें 15 सौ करोड़ घटाने के बाद भी 45 सौ करोड़ की कमी आ रही है। इसको पूरा करने के लिए टैरिफ में इजाफा होगा। लेकिन यह इजाफा कितना होगा, इसको नियामक आयोग तय करेगा। पॉवर कंपनी ने 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इस अंतर की राशि के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग है। लेकिन आयोग तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितने पैसों की जरूरत होगी। उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा। टैरिफ तय करने से पहले आमतौर पर फरवरी में जनसुनवाई होती है, लेकिन इस बार सदस्य न होने के कारण अब तक जनसुनवाई तय नहीं सकी है।

## 18 लोगों से मिलकर चालू कराया काम, सर्वे कंपलीट

# मेयर ने कहा, 5 साल हमारी सरकार, 1 साल पहले तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण भूमिपूजन, शायद चुनाव में फायदा की होगी सोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर एजाज ढेबर ने कहा है, 5 साल हमारी सरकार रही, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का भूमिपूजन कर 167 करोड़ की स्वीकृति दी। इसमें टोकन के रूप में 4.50 करोड़ जारी किये। तत्कालीन सुनील सोनी के समय से चल रहे काम का सर्वे कंपलीट है, राशि जारी होनी है, इसका पूरा श्रेय कांग्रेस सरकार को है। 200 करोड़ चाहिए था। 1 साल पहले भूमिपूजन को लेकर श्री ढेबर का कहना है कि चुनाव में फायदा की सोच शायद सरकार को को होगी। शहरी सरकार के कार्यकाल का 5 साल 5 जनवरी को पूरा होने जा रहा है। 6 जनवरी से शहरी सरकार की कुर्सी प्रशासन संभालेगा। महापौर एजाज ढेबर से हरिभूमि ने उनके कार्यकाल और शहर विकास से जुड़े मुद्दे को लेकर बातचीत की। इसमें उन्होंने खुलकर अपने विचार रखे। बातचीत का सार प्रस्तुत हैः -

- 5 साल तक नगर निगम में आपके पार्टी की सरकार रही, प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर विधायक और महापौर भी, फिर तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण नहीं हो पाया क्यों?
- तत्कालीन महापौर सुनील सोनी के समय से चल रहा तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू कराने भूमिपूजन हमारी सरकार आने पर हुआ। सीएम से लेकर राज्यपाल और कलेक्टर तक हम गये। 18 लोगों से मिलकर काम चालू कराया। व्यापारियों के साथ बैठक की। सर्वे का काम कंपलीट है, राशि जारी होना है। 1 साल पहले सड़क चौड़ीकरण काम शुरू करने का सवाल है, तो सरकार को लगा होगा कि चुनाव में इसका फायदा मिल सकता है।



- बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण में 18 करोड़ खर्च करने के बाद भी लाइटें बंद पड़ी है, जिम्मेदारी किसकी?
- बूढ़ातालाब को हमने जवान बनाया है, इसके सौंदर्यीकरण के बाद शनिवार और रविवार छुट्टी के दिन 5 से 6 हजार लोगों की भीड़ जुटती है। 5 साल पहले बूढ़ातालाब की जो स्थिति रही, उससे लोग वाकिफ हैं। एक छोर से दूसरे छोर तक तालाब का पानी नजर नहीं आता था। आज तालाब में गंदगी नहीं है, साफ पानी एक छोर से दूसरे छोर तक दिखता है। प्रदेश में 13 माह पहले भाजपा की सरकार बनी और बूढ़ातालाब के एंट्री गेट लिखवा दिया- हमने बनाया है हम ही संवारेंगे। 15 साल तक बड़े-बड़े मिनिस्टर पार्टी के रहे, तब बूढ़ातालाब को क्यों नहीं सवार पाए? कांग्रेस की सरकार ने बूढ़ातालाब को नया स्वरूप दिया है। पूर्व की रमन सरकार ने बूढ़ातालाब को नगर निगम से छीनकर पर्यटन मंडल को दे दिया। किसके कहने पर दिया, क्या सोच के दिया, यह जांच का विषय है। आज साय सरकार बूढ़ातालाब में बिना कोई काम किये दानी स्कूल से लगे हिस्से पर चौपाटी खुलवा रही है। इससे वहां की छात्राओं के निजता प्रभावित होगी। परिक्रमा की बंद रोड को खोलना क्या सही था, सरकार बदलते ही ये सब कुछ हो रहा है।
- गोलबाजार दुकानों का मालिकाना प्रोजेक्ट सक्सेस क्यों नही हुआ?
- 17 दुकानदारों ने इसका लाभ लिया है और अपने दुकानों की रजिस्ट्री कराई। उन्हें दुकान का मालिकाना मिला। हमारी सोच अच्छी थी पर राजनीतिक सोच रखने वाले इसमें भी खेल कर गये। इसमें भी राजनीति हावी हो गई। नई सरकार ने तो पूर्व में दी गई 30 फीसदी की छूट भी समाप्त कर दी है।
- प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार आने के बाद क्या बदलाव आया?
- विष्णुदेव साय की सरकार बनी कहा गया सांय-सांय काम होगा। पर 13 माह में एक भी उपलब्धि सरकार की नगरनिगम के लिए नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना बनाने की जिस उपलब्ध का प्रचार हो रहा है उसमें जितना पैसा लगा वह राज्यांश का है। नगर निगम के लिए कोई काम नहीं हुये। एजाज ढेबर ने कहा प्रदेश की साय सरकार के पास कोई विजन नही है।
- पहली बार ऐसा हुआ आपके मेयर रहते शहर की सारी सीटें कांग्रेस हार गई ऐसा क्यों?
- इससे पहले भी दो सीटें हमारी थी। लगभग शहर की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी जितने भी शहरी क्षेत्र है चाहे वो बिलासपुर हो, दुर्ग, रायपुर, अंबिकापुर, कोरिया, राजनांदगांव, जगदलपुर वह भाजपा से प्रभावित रहते हैं। शहर की 4 सीट जीत नहीं पाये। पर पिछले 13 माह में जिस तरीके से जीएसटी रेड पड़ रही है, जमीन रजिस्ट्री की गाइड लाइन में 30 फीसदी रेट बढ़ गये। छूट की सीमा खत्म कर दी गई उससे स्थिति बदतर हुई है।

# सुशांत शुक्ला बोले- भूपेश सरकार में राजीव युवा मितान क्लब की आड़ में सरकारी धन की हुई लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा के विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा, भ्रष्टाचार का वायरस कांग्रेस की रग-रग में किस कदर फैला हुआ है, यह पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बनाए राजीव युवा मितान क्लब की आड़ में सरकारी धन की हुई लूट के खुलासे के बाद और ज्यादा स्पष्ट हो गया है। श्री शुक्ला ने कहा, शराब, रेत, कोयला, जमीन, गौठान के साथ-साथ गोबर के नाम पर भी घोटाले का कलंकित अध्याय रचने वाली कांग्रेस और उसकी भूपेश सरकार ने सरकारी खजाने में डाका डालकर छत्तीसगढ़ को 10, जनपथ का एटीएम बनाने के तमाम जतन किस तरह किए थे। राजीव युवा मितान क्लब इसकी जीती-जागती शर्मनाक मिसाल थी, जिसे प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बंद करने पर श्री बघेल ने हाल ही आंसू बहाए हैं और कांग्रेस के तमाम लोग बजाय इस घोटाले के ताजा खुलासे पर शर्म महसूस करने के अब भी राजीव मितान क्लब बंद करने को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ प्रलाप करने में लगे हैं।

### अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष तक को ही जानकारी नहीं

*श्री शुक्ला ने कहा, राजीव युवा मितान क्लब की आड़ में भूपेश सरकार और कांग्रेस के लोगों ने प्रदेश की जनता की गाढ़ी कमाई से अपनी तिजोरियां भरीं। रायपुर नगर निगम के जोन 9 में योजना के नाम पर साल में चार किश्तों में एक लाख रुपए जमा किए गए। इसका क्या हुआ, इसके संबंध में क्लब के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष तक को ही जानकारी नहीं थी। मजे की बात तो यह थी कि अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष तो इस क्लब का सदस्य बनना ही नहीं चाहते थे, फिर भी नगर निगम के किसी कर्मचारी ने आधार कार्ड और फोटो लेकर इन्हें पदाधिकारी बना दिया था। श्री शुक्ला ने इस खुलासे से जुड़ी खबर का हवाला देते हुए बताया, कार्यालय से जब उसकी ऑडिट रिपोर्ट निकाली गई तो उसमें पूरी-की-पूरी राशि खर्च होना बताई जा रही है। उक्त रिपोर्ट में क्लब के अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष के दस्तखत भी हैं, जबकि ये दोनों पदाधिकारी यह राशि आहरण करने से साफ इन्कार कर रहे हैं।*

# स्वास्थ्य जनहित से जुड़ा मुद्दा, सुधार की गुंजाइश हमेशा : जायसवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की समीक्षा के दौरान मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने अफसरों से कहा कि स्वास्थ्य जनहित से जुड़ा मुद्दा है और इसमें सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। उन्होंने आने वाले समय में रणनीति बनाकर काम करने की नसीहत दी। स्वास्थ्य मंत्री ने नव पदस्थ स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया की उपस्थिति में विभागीय प्रमुखों एवं सभी अधिकारियों को बेहतर कार्य करने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। बैठक में बीते एक वर्ष के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गयी। आने वाले समय के लिए भी अधिकारियों को रणनीति बनाकर जनहित में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चर्चा की गयी। समीक्षा बैठक में चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, आयुष, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सीजीएमएससी एवं खाद्य एवं औषधि विभाग से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला, एमडी एनएचएम विजय दयाराम के. एवं संचालक सीजीएमएससी पद्मिनी भोई समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### नवा रायपुर में मेडिसिटी का प्रस्ताव

*नवा रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मेडिसिटी की स्थापना करने का प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने अपना प्रयास शुरू कर दिया है। यह आधुनिकतम मेडिसिटी लगभग 200 एकड़ में विकसित की जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण द्वारा नवा रायपुर के सेक्टर 37 में भूमि का चिन्हांकन किया गया है। इस प्रोजेक्ट में निजी निवेश की सहायता से लगभग 5,000 बिस्तर क्षमता की स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास किया जाना प्रस्तावित है। मेडिसिटी में कई अग्रणी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, मेडिकल कालेज, छात्रावास, डायग्नोस्टिक्स सेंटर, धर्मशाला, होटल तथा वाणिज्यिक एकीकृत विकास करना प्रस्तावित है।*

# दिल्ली की बैठक में फैसला, 27 को जिलाध्यक्षों के लिए पैनल बनाकर भेजा जाएगा राष्ट्रीय संगठन को

## संगठन चुनाव की बैठक में मुख्यमंत्री साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा भी रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश के चुनाव के पर्यवेक्षक गजेंद्र पटेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख के साथ दिल्ली में संगठन चुनाव को लेकर रणनीति बनाई। इसमें तय किया गया प्रदेश के जिलाध्यक्षों के लिए पर्यवेक्षक 27 दिसंबर तक रायशुमारी करके तीन-तीन नामों का पैनल बनाया जाएगा। यह पैनल राष्ट्रीय संगठन को भेजा जाएगा। दिल्ली में 29 दिसंबर को होने वाली बैठक में नाम तय होने के बाद नामों का ऐलान किया जाएगा।

- दिल्ली में 29 दिसंबर की बैठक में तय हो जाएंगे जिलाध्यक्ष

भाजपा का देशभर में संगठन चुनाव चल रहा है। छत्तीसगढ़ में बूथ कमेटियों के गठन के बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव हो रहा है। प्रदेश के चार सौ से ज्यादा मंडलों में चुनाव हो गए हैं। करीब 440 मंडलों में चुनाव होंगे और बचे हुए मंडलों के चुनाव बाद में होंगे। इसी बीच जिलाध्यक्षों को लेकर भी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

### बिलासपुर में अब ग्रामीण अलग जिला

दिल्ली की बैठक में प्रदेश में 35 के स्थान पर 36 जिला संगठनों में जिलाध्यक्ष का चुनाव कराने का फैसला किया गया है। प्रदेश में 33 सरकारी जिले हैं, लेकिन भाजपा के 35 संगठन जिले हैं। दुर्ग में भिलाई को अलग जिला बनाया गया है। इसी तरह से रायपुर में रायपुर शहर और रायपुर ग्रामीण जिला हैं। अब बिलासपुर में भी बिलासपुर शहर और बिलासपुर ग्रामीण जिला कर दिया गया है।

### तीन-तीन नामों का बनेगा पैनल

*दिल्ली की बैठक में तय किया गया है कि हर हाल में 27 दिसंबर तक पर्यवेक्षक रायशुमारी करके तीन-तीन हर जिले के लिए तीन-तीन नामों का पैनल तय करेंगे। पैनल को दिल्ली भेजा जाएगा। दिल्ली में 29 दिसंबर को एक बार फिर से बैठक रखी गई है। इस बैठक में राज्यों के अध्यक्षों को लेकर भी मार्गदर्शन मिलेगा। इसी बैठक में छत्तीसगढ़ के जिलाध्यक्षों के पैनल पर फैसला होगा और उसी दिन या फिर अगले दिन नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। मंगलवार की बैठक में प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख से अब तक संगठन चुनाव को लेकर पूरी रिपोर्ट दी। बैठक में संगठन चुनाव कमेटी के सदस्य मधुसूदन यादव, चंपादेवी पावले और कृष्णमूर्ति बांधी भी उपस्थित थे।*

## अब तक 15 जिलों में मिलिंग का काम हुआ शुरू

# धान की कस्टम मिलिंग, एफसीआई का खाता नहीं खुला नान में अब तक जमा हुआ पौने चार हजार मीट्रिक टन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के पहले मिलरों और सरकार के बीच बना गतिरोध करीब एक महीने तक जारी रहा। इस बीच राज्य में धान खरीदी शुरु होने के बाद महीनेभर तक धान की कस्टम मिलिंग शुरू नहीं हो पाई थी। अब मिलरों के काम पर लौट आने के बाद मिलिंग का काम शुरू हो गया है, लेकिन किसी भी जिले में सेंट्रल पूल के लिए एफसीआई कोटे का चावल अब तक जमा नहीं हुआ है, लेकिन दूसरी ओर राज्य कोटे के लिए नागरिक आपूर्ति निगम (नान) में चावल जमा किया जा रहा है। अब तक करीब पौने चार हजार मीट्रिक टन चावल मिलरों ने जमा करा दिया है।



### सोसाइटियों को है उठाव का इंतजार

राज्य में मिलरों और सरकार के बीच गतिरोध के कारण प्रदेश भर में धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव कम मात्रा में हो पाया है। अब तक करीब 15 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। प्रदेश में अब तक खरीदी केंद्रों में 52 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान जमा है। कुल खरीदी का 22 प्रतिशत धान का उठाव हो पाया है। 1480 खरीदी केंद्रों में धान का बफर स्टॉक के उपर दो-तीन गुना है। सरकार की कोशिश है कि मिलरों से सीधे मिलिंग के लिए धान उठवाया जाए। इसके साथ ही मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों में भी धान परिवहन किया जा रहा है।

### 15 जिलों में नान के लिए चावल जमा होना शुरू

*छत्तीसगढ़ में अब तक 15 जिलों के मिलरों ने नान कोटे में चावल जमा कराया है। इनमें बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, बालोद, दुर्ग,राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई, बलौदाबाजार, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद,रायपुर, बलरामपुर, जशपुर,सरगुजा, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी, भरतपुर जिसे शामिल है। इन जिलों में अब तक लगभग पौने चार हजार मीट्रिक टन चावल जमा कराया गया है, लेकिन राज्य के किसी भी जिले के मिलरों ने अब तक एफसीआई कोटे में चावल जमा नहीं कराया है। सूत्रों के अनुसार मिलरों को एफसीआई में चावल जमा कराने में दिक्कतें हैं। राज्य में कस्टम मिलिंग के लिए अब तक पौने तीन हजार मिलरों ने आवेदन दिए हैं। इनमें से अरवा मिलिंग के लिए 2133 उसना के लिए 447, तथा कुल मिलाकर 2582 मिलों का पंजीयन किया गया है। पंजीयन की प्रक्रिया अभी जारी है।*

# सभी नगरीय निकायों में आज अटल परिसर का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की 100वीं जयंती पर 25 दिसम्बर को राज्य के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जशपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में इसका भूमिपूजन करेंगे। वहीं उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव बिल्हा नगर पंचायत में निर्मित अटल परिसर का लोकार्पण करेंगे। प्रदेश के सभी नगरीय निकाय इन दोनों कार्यक्रमों से वर्चुअली जुड़ेंगे।



- 187 नगरीय निकायों में बनेंगे अटल परिसर

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृतियों और उनके उल्लेखनीय कार्यों को सहेजने के लिए राज्य के सभी 187 नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। इनमें 14 नगर निगम, 50 नगर पालिका तथा 123 नगर पंचायत शामिल हैं। अटल परिसर के निर्माण के लिए प्रत्येक नगर निगम को 50 लाख रुपए, नगर पालिका को 30 लाख रुपए और नगर पंचायत को 20 लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा इसके लिए सभी निकायों को कुल 46 करोड़ 60 लाख रुपए की अनुदान राशि जारी की जाएगी। देश को आगे बढ़ाने और सुव्यवस्थित विकास में उनके योगदान को रेखांकित करने 25 दिसम्बर को उनका जन्मदिन पूरे राज्य में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## खबर संक्षेप



### सोनी ने किया डामरीकरण का भूमिपूजन

**रायपुर।** विधायक सुनील कुमार सोनी ने दक्षिण विधानसभा के कटोरातालाब, शैलेन्द्र नगर, पुराना राजेन्द्र नगर चतुर्दिक मार्ग के डामरीकरण का भूमिपूजन किया। श्री सोनी ने कहा, मैं अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में वार्डवासियों के मूलभुत सुविधाओं के लिए क्षतिग्रस्त सड़कों के डामरीकरण के कार्यो का भूमि पूजन करने निकला हूं। उन्होंने कहा, विकास शहर की आवश्यकता है, जनता ने भारतीय जनता पार्टी को एकबार फिर भारी मतों से विजयी बनाकर आत्मसात किया है। हम सब मिलकर रायपुर को और अधिक सुंदर बनाएंगे, हमारा शहर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा, अधिकारी जवाबदेही के साथ कार्य करें। मैं सभी को विश्वास दिलाता हूं कि सभी क्षेत्रों में अच्छा कार्य होगा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा, नाली, सफाई, स्वच्छता, पानी और लाइट यह मूलभूत कार्य हैं, जो सभी वार्डों में होने चाहिए और इसकी लगातार मानिटरिंग भी होती रहेगी। कार्यक्रम को नगर निगम सभापति प्रमोद दुबेजी ने भी संबोधित किया।

### शहर कांग्रेस ने निकाला आंबेडकर सम्मान मार्च




**रायपुर।** गृह मंत्री अमित शाह के बयान के विरोध में कांग्रेस लगातार चरणबद्ध आंदोलन कर रही है। बाबा साहब के अपमान के लिए देश से माफी मांगने एवं गृह मंत्री पद से इस्तीफे की मांग को लेकर मंगलवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया। कांग्रेस कार्यकर्ता राजीव गांधी चौक से पैदल चलते हुए आंबेडकर की मूर्ति के पास पहुंचे, जहां उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। वहीं राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की। राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, राजेंद्र तिवारी, पूर्व सांसद छाया वर्मा, कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, पंकज शर्मा, उधोराम वर्मा, कन्हैया अग्रवाल, सूर्यमणि मिश्रा, श्रीकुमार मेनन, शिव सिंह ठाकुर, सुमित दास, प्रशांत ठेंगड़ी, जी श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, प्रवीण चंद्राकर, दिनेश ठाकुर, मोहम्मद फहीम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कलार समाज का परिचय सम्मेलन आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार (सिन्हा) समाज द्वारा साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 25 दिसंबर को परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान पारिवारिक मिलन व समाज रत्न सम्मान समारोह होगा। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा। कलार समाज के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा, महामंत्री कुंवर विजय सिन्हा व कोषाध्यक्ष डॉ. किशोर सिन्हा ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ कलार समाज के प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, संगीता सिन्हा व योगेश्वर राजू सिन्हा मौजूद रहेंगे।

### जयंती पर नमन का कार्यक्रम आज

**रायपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में 25 दिसंबर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पं. अटल बिहारी वाजपेयी एवं भारत रत्न महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी की जयंती पर सादर स्मरण एवं नमन का कार्यक्रम होगा। साथ ही कान्यकुब्ज साहित्य परिषद् द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा।

बिजनेस साइट

## गॉस मेमोरियल ग्राउंड में 'फन वर्ल्ड डिज्नीलैंड मनोरंजन मेला' का हुआ शुभारंभ



**रायपुर।** काली मंदिर के पास स्थित गॉस मेमोरियल ग्राउंड में 'फन वर्ल्ड डिज्नीलैंड मेला' का उद्घाटन रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. सलीम राज और एजाज ढेबर भी उपस्थित थे। इस मेले का आयोजन दुबई कार्निवल की थीम पर आधारित है, जिसमें लंदन ब्रिज और अन्य विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थलों का चित्रण किया गया है।

मेले के संचालक तमन्ना हुसैन ने बताया कि मेला विशेष रूप से बच्चों के लिए आकर्षक झूलों और फन जोन से सजा है, जिसमें ब्रेक डांस, कोलंबस, जाइंट व्हील, मिनी ट्रेन, मिकी माउस झूला जैसी आकर्षण हैं। इसके अलावा शिल्पकारों द्वारा घरेलू सजावट, फर्नीचर, टेराकोटा उत्पाद और किफायती वस्त्रों की प्रदर्शनी भी है। मेले में कश्मीरी साड़ी, बनारसी सिल्क, खादी शर्ट और अन्य हैंडीक्राफ्ट उत्पाद भी उपलब्ध हैं।

यह मेला रायपुर की जनता के बीच काफी लोकप्रिय है और क्रिसमस व शीतकालीन छुट्टियों के मौके पर विशेष रूप से आकर्षक है। मेले का आयोजन प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक किया जाएगा।

## कल्पवृक्ष प्रोजेक्ट में सर्वस्व रिसॉर्ट क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन



**रायपुर।** श्री स्वास्तिक ग्रुप के प्रोजेक्ट कल्पवृक्ष विलास एवं रिसॉर्ट, पुरानी धमतरी रोड, कोलर में सर्वस्व रिसॉर्ट क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से समारोह के आयोजनकर्ता श्री स्वास्तिक ग्रुप के एमडी सुनील साहू और सर्वस्व रिसॉर्ट के संचालक मुकेश अग्रवाल उपस्थित थे।

उद्घाटन के साथ ही श्री स्वास्तिक प्रीमियर लीग के पहले मैच का आयोजन हुआ, जिसमें श्री स्वास्तिक ग्रुप के सेल्स और एडमिन विभाग की चार टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें केवीआर नाईट राइडर्स के मालिक निखिल जयवन्ते, प्रगति पर्ल पावर के मालिक इकरार भाई, स्वर्णम के मालिक बृजेश साहू और रॉयल एवेन्यू के मालिक अरविन्द ठाकुर शामिल थे।

इस मौके पर कमल कलवानी, शिव अग्रवाल सहित श्री स्वास्तिक ग्रुप के लगभग 500 सदस्य भी मौजूद रहे। सभी ने डे-नाइट क्रिकेट मैच का पूरा आनंद लिया। मैच के दौरान प्रगति पर्ल पावर की टीम ने रोमांचक फाइनल मैच में विजय प्राप्त की।

# छात्र कंफ्यूज इसलिए रविवि ने 8 दिनों में ही बदला पुराना समय, बीकॉम पर किचकिच बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि जो ना कर बैठे वो कम है। दरअसल 16 दिसंबर को समय-सारिणी जारी होने के बाद कई तरह की आपत्तियां विश्वविद्यालय को प्राप्त हुई थी। इनमें से एक मामले में रविवि ने चीजों को संज्ञान में लेते हुए परीक्षा का समय तो बदल दिया है लेकिन एक अन्य मामले में कॉमर्स वाले विद्यार्थी बदलाव का इंतजार कर रहे हैं। इलेक्टिव विषय (वह विषय जो विद्यार्थी अपने संकाय से बाहर जाकर दूसरे संकाय से लेता है) और अन्य विषयों की परीक्षाओं का समय भिन्न-भिन्न रखा गया था।

छात्रों में अलग-अलग समय पर परीक्षाएं लिए जाने पर असमंजस की स्थिति बनी रहती है। कई छात्रों की परीक्षाएं ही छूट जाती हैं। पिछली परीक्षाओं में भी समय बदले जाने पर इस तरह के मामले थोक में सामने आए थे। पुनः ऐसी स्थिति निर्मित ना हो, इसलिए रविवि ने सभी विषयों की परीक्षाओं का समय एक ही कर दिया है। इसे लेकर संशोधित समय-सारिणी जारी कर दी गई है। अब छात्रों की सभी विषयों की परीक्षाओं का समय एक ही रहेगा।

### खास बातें

- चार्टर्ड अकाउंटेंड और वाणिज्य संकाय की परीक्षा तिथियों में अब भी टकराव
- इलेक्टिव विषय और अन्य विषयों की परीक्षाओं के समय थे अलग-अलग



### महाविद्यालय दर्ज करा चुके हैं आपत्ति

इधर... कॉमर्स के छात्र अब भी हलाकान हैं। इस बार सीए फाउंडेशन कोर्स की परीक्षाएं 12,14, 16 और 18 जनवरी को हैं। इसी तरह इंटरमीडिएट की ग्रुप-1 की परीक्षाएं 11, 13 और 15 जनवरी को हैं। ग्रुप-2 की परीक्षाएं 17,19 और 21 जनवरी को हैं। इनमें से कुछ तारीखों में रविवि ने बीकॉम की परीक्षाएं भी रखी हैं। कई महाविद्यालयों द्वारा इसे लेकर आपत्ति दर्ज कराई गई थी। इसके बाद भी रविवि द्वारा समय-सारिणी में बदलाव नहीं किए जाने से महाविद्यालय प्रबंधन और छात्र हैरान हैं। बीकॉम की पढ़ाई करने वाले छात्र बड़ी संख्या में सीए की परीक्षाओं में शामिल होते हैं। रविवि द्वारा समय-सारिणी जारी किए जाने के पूर्व ही सीए की तिथियां घोषित हो चुकी थीं।

### अवगत करा चुके

महाविद्यालयों द्वारा कॉमर्स संकाय के छात्रों को आने वाली समस्याओं के बारे में विवि प्रबंधन को अवगत कराया जा चुका है। हम समय-सारिणी में बदलाव का इंतजार कर रहे हैं।

-डॉ.देवाशीष मुखर्जी, सचिव, प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन

### असंवेदनशील रवैया

समस्याएं सामने रखने के बाद भी तिथियों में परिवर्तन नहीं किया जाना विश्वविद्यालय प्रशासन की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। जो छात्र बीकॉम के साथ ही सीए की तैयारी कर रहे हैं, वे परेशान हैं।

-शांतनु झा, जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

## श्री बालाजी हॉस्पिटल में पेंक्रियाज कैंसर की रोबोटिक सर्जरी सफल



**रायपुर।** मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में एक 26 वर्षीय महिला के पेंक्रियाज के कैंसर का इलाज रोबोटिक सर्जरी से किया गया। ऑपरेशन का नेतृत्व डॉ. देवेंद्र नायक और डॉ. पुष्पेंद्र नायक ने किया। महिला को पेट में दर्द की शिकायत के बाद जांच में 8x6 सेंटीमीटर का ट्यूमर पाया गया, जो खून की नसों से जुड़ा था। इस स्थिति में सामान्य सर्जरी से जटिलताएं हो सकती थीं, इसलिए रोबोट की मदद ली गई।

रोबोटिक सर्जरी में डॉक्टर को 7 डिग्री तक मूवमेंट की क्षमता मिलती है, जिससे अधिक सटीकता और कम रक्तस्त्राव होता है। ऑपरेशन 3.5 घंटे चला, और मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। अब तक अस्पताल में 50 से अधिक रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं। डॉ. पुष्पेंद्र नायक ने स्पष्ट किया कि रोबोट सर्जरी में केवल सहायक उपकरण होता है, डॉक्टर की दिशा-निर्देश में काम करता है।

## श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल में जांच एवं परामर्श शिविर 27 को



**रायपुर।** न्यू राजेन्द्र नगर स्थित श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल द्वारा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से समय-समय पर जांच एवं परामर्श शिविरों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में 27 दिसंबर, शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक एक विशेष जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जा रहा है।

यह शिविर न्यू राजेन्द्र नगर स्थित श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल में आयोजित होगा, जिसमें हड्डी रोग, जोड़ प्रत्यारोपण, ऑस्टियोपोरोसिस और स्पोर्ट्स मेडिसिन से संबंधित समस्याओं का उपचार एवं परामर्श दिया जाएगा। इस शिविर में डॉ. सुशील शर्मा और डॉ. प्रयंक हिशीकर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। शिविर में ओपीडी पर 50% की छूट, यूरिक एसिड, न्यूरोपैथिक, ब्लड प्रेशर, शुगर और वजन की निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी) की भी निःशुल्क जांच की जाएगी। साथ ही, दवाइयों पर 5% की छूट प्रदान की जा रही है।

## श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केंद्र का निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा व पंचकर्म परामर्श शिविर

**रायपुर।** रायपुरा रिंग रोड 1 पर मनुआस रियल्टी के पास स्थित श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केंद्र ने 23 दिसंबर से 29 दिसंबर तक एक निःशुल्क विशाल आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म परामर्श शिविर का आयोजन किया है। यह शिविर सुबह 9 बजे से लेकर रात 8.30 बजे तक जारी रहेगा।




शिविर में ब्लड प्रेशर और शुगर की निःशुल्क जांच के साथ-साथ पंचकर्म प्रक्रिया पर विशेष छूट, कम्प्यूटराइज्ड नाड़ी परीक्षण और पेन थैरेपी की सुविधा उपलब्ध होगी। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को आयुर्वेद चिकित्सा और पंचकर्म की विधि से लाभ पहुंचाना है।

डॉ. अभिषेक शर्मा (एमडी पंचकर्म, बेंगलुरू) और डॉ. वसुधा शर्मा (एमएस आयुर्वेद, बेंगलुरू) द्वारा संचालित इस शिविर में विभिन्न प्रकार के रोगों का इलाज किया जाएगा।

## 'देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान का आज अंतिम दिन, करीब चार लाख की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वात-कफ-पित्त का परीक्षण कर शरीर की तासीर के मुताबिक बीमारियों से लड़ने की जानकारी देने चलाए जा रहे 'देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान का 25 दिसंबर को समापन होगा। कुनकुरी में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि होंगे। राज्य में अब प्रकृति परीक्षण कराने वालों की संख्या लगभग चार लाख तक पहुंच चुकी है।

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा 26 नवंबर से मोबाइल एप्लिकेशन द्वारा आयुर्वेद सिद्धांत अनुसार प्रकृति (वात पित्त और कफ) का परीक्षण करने का अभियान चलाया जा रहा है, जिसका प्रथम चरण 25 दिसंबर को पूरा होगा। अभियान के राज्य समन्वयक और छत्तीसगढ़ आयुर्वेद, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में अभियान को अच्छा प्रतिसाद मिला है। अब तक 3 लाख 80 हजार से ज्यादा नागरिकों का प्रकृति परीक्षण किया जा चुका है, जिसके अंतिम दिन आंकड़ा 4 लाख से अधिक होने की संभावना है। प्रकृति परीक्षण के आंकड़े के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य पूरे देश में नौंवे स्थान पर है,



वहीं लॉगिन वालिंटियर्स द्वारा कुल किए प्रकृति परीक्षण (स्ट्राइक रेट) के अनुसार राज्य देश में तीसरे क्रम पर है। अभियान में 3540 शिक्षक, छात्र एवं छात्राएं तथा शासकीय व निजी चिकित्सकों द्वारा बतौर वालेंटियर मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए लोगों को आयुर्वेदीय सिद्धांत अनुसार वात- पित्त और कफ प्रकृति का परीक्षण किया गया। इसमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, स्वास्थ्य मंत्री, सांसदों, विधायकों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का प्रकृति परीक्षण किया गया। छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद द्वारा अभियान प्रथम एवं द्वितीय क्रम में सर्वाधिक प्रकृति परीक्षण करने वाले महाविद्यालयों, शिक्षक, छात्र, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, निजी चिकित्सकों को विशेष सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

## खेल महोत्सव में 21 स्कूलों के 1100 बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रायपुर।** शिवोम विद्यापीठ स्कूल में तीन दिवसीय आयोजित इंटर स्कूल खेल प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को किया गया। जिसमें 21 स्कूलों के 1100 बच्चों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें जूनियर और सीनियर लड़के और लड़कियों के लिए विभिन्न इंडोर और आउटडोर खेलों को सम्मिलित किया गया था। जिसमें सभी स्कूलों के बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार अपने खेल हुनर का प्रदर्शन करने का श्रेष्ठ अवसर प्राप्त हुआ। 'शिवोम शिखर स्पोर्ट्स मीट' समापन में मुख्य अतिथि आशु चंद्रवंशी ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि खेल केवल एक शारीरिक गतिविधि नहीं बल्कि यह हमारी मानसिक शक्ति, आत्मविश्वास और समर्पण का परीक्षण भी है।



# हाउसिंग बोर्ड के 3.45 हजार मकान नहीं बिके, सरकार ने कहा- जर्जर नहीं रिपेयरिंग की जरूरत

## मकानों को बेचने कीमत में छूट देने के बाद भी नहीं आए ग्राहक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के हाउसिंग बोर्ड के लगभग 3445 मकान अब तक नहीं बिके हैं। रमन सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान बनाए गए इन मकानों में से कई मेंटेंनेंस नहीं होने के कारण जर्जर हो चुके हैं।

अलग खबर

हाउसिंग बोर्ड के इन मकानों की कीमत लगभग 506 करोड़ रुपए से अधिक है। इन कमानों में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी मकान भी शामिल हैं। बताया जाता है कि हाउसिंग बोर्ड के मकानों की निर्माण की गुणवत्ता के कारण अधिकतर लोग इसे खरीदने से पीछे हटते हैं। शहर से दूर आउटर इलाकों में बने कमानों को लोग पहुंच कर साधन और अन्य कारणों से नहीं लेते। बताया जाता है कि इन मकानों के नहीं बिकने से हाउंसिंग बोर्ड की बड़ी राशि फंसी हुई है। हाउंसिंग बोर्ड के द्वारा प्रदेश के कई जिलों में इसका निर्माण कराया गया था। हाउंसिंग बोर्ड के द्वारा निर्माण कराए गए 29051 मकानों में से 25603 मकानों को बिक्री के बाद इनमें से 3445 मकानों की बिक्री नहीं हो पाई। हाउसिंग बोर्ड की ओर से इन मकानों को बेचने के कई प्रयास किए गए। इसके तहत प्रचार प्रसार के अलावा भवनों की बिक्री मूल्य में छूट प्रदान कर बिक्री का प्रयास किया गया, लेकिन नहीं बिक पाए। पिछली सरकार के दौरान इन मकानों को बेचने एजेंटों के माध्यम से प्रचार कराया गया, पर सफलता नहीं मिल पाई। नई सरकार आने के बाद लंबे समय से खाली पड़े इन मकानों को आवास एवं पर्यावरण विभाग विक्रय की योजना तैयार कर रहा है।

### राजधानी और उसके आसपास बने मकान

राजधानी के चारों तरफ शासकीय जमीनों की उपलब्धता को देखते हुए आउटर क्षेत्र में हाउंसिंग बोर्ड ने कई प्रोजेक्ट शुरू किए इनमें रिंग रोड़ नंबर दो-तीन के क्षेत्र में प्रोजेक्ट लाया गया। वहीं जिले के कई नगरीय क्षेत्रों में बोर्ड ने मकान तैयार किए। आवश्यकता का आंकलन न करते हुए मकानों का निर्माण करा लिया गया, लेकिन लोगों ने इसमें रुचि नहीं दिखी। रायपुर जिले में 460 ईडब्ल्यूएस, 299 एलआईजी, 640 एमआईजी और 472 एचआईजी को मिलाकर कुल 1867 मकान आज भी रिक्त पड़े हैं।



### अन्य जिलों की स्थिति

हाउंसिंग बोर्ड ने दुर्ग जिले में बड़ी संख्या में मकानों को निर्माण कराया। यहां पर 5 हजार 205 निर्मित मकानों में से 4681 कमानों की बिक्री हुई। यहां पर 524 कमान आज भी नहीं बिक पाए हैं। वहीं बिलासपुर में कुल 1278 मकान का निर्माण किया गया। इनमें से 945 मकानों की बिक्री हुई शेष 333 मकान आज भी रिक्त हैं।

## खबर संक्षेप

### वॉलीबॉल स्पर्धा में रायपुर सेंट्रल बनी विजेता



रायपुर। केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र द्वारा तीन दिवसीय आयोजित पावर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन 13 दिसंबर को किया गया। यह स्पर्धा स्टेट स्कूल स्थित वॉलीबॉल मैदान में किया गया। जिसमें रायपुर सेंट्रल क्षेत्र एवं कोरबा पश्चिम क्षेत्र के बीच फाइनल मैच खेला गया। इसमें रायपुर सेंट्रल ने कोरबा पश्चिम को 3-1 से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। फाइनल मैच बहुत ही रोमांचक रहा, पहला सेट रायपुर सेंट्रल 25-16 से एकतरफा अंदाज में जीत गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता शिरीष सेलट द्वारा विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### मोहम्मद रफी की जन्मशती पर हुई परिचर्चा



रायपुर। समन्वय साहित्य परिवार द्वारा राजधानी रायपुर में मोहम्मद रफी साहब जन्मशती परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में मुख्य वक्ता बिमल दत्ता ने बताया कि रफी को गाने का शौक दस साल की उम्र में लगा, उनके मोहल्ले में एक फकीर आया करता था, जो गाना गाकर लोगों से भीख मांगता था। रफी के ऊपर उस फकीर की आवाज का जादुई असर हुआ, उनके भीतर ललक पैदा हुई कि वह भी ऐसा ही गाएं, एक महान गायक के सांगीतिक सफर की शुरुआत इस तरह से हुई। इस परिचर्चा में कमल शर्मा, सैम नकवी, कमलेश ओझा, गायक अतुल मिश्रा, सुजय श्रीवास्तव, डॉ शची जौहरी, मोना भामकर, जेएस सग्गू और डॉ. मनीष श्रीवास्तव आदि शामिल थे। मंच संचालन डा. संध्या वर्मा ने किया।

अपील समिति के संयोजक सच्चिदानंद उपासने बोले 27 को अपील समिति करेगी फैसला

# मंडल अध्यक्षों के चुनाव में विवाद, राजधानी के माना मंडल को लेकर भी जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा का मंडल अध्यक्षों का चुनाव हो रहा है। इसमें कुछ स्थानों में मंडल अध्यक्षों के नामों को लेकर जमकर विवाद हो रहा है। पहले गरियाबंद, पेंड्रा, झाखरपारा के बाद अब राजधानी रायपुर के माना मंडल के चुनाव में विवाद हुआ है। माना मंडल अध्यक्ष के नाम का मंगलवार को ऐलान होते ही विवाद खड़ा हो गया। जिन भीमवंत निषाद को अध्यक्ष बनाया गया है, उनको कांग्रेस से आया हुआ बताकर विरोध किया गया और इसको लेकर जहां भारी संख्या में माना के कार्यकर्ता कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में विरोध करने पहुंचे, वहीं अपील समिति के संयोजक सच्चिदानंद उपासने से शिकायत की गई है। अपील समिति के संयोजक का कहना है शिकायत मिली है, इस मामले में पूरी जानकारी लेकर 27 दिसंबर को फैसला किया जाएगा। मंडलों के विवाद को लेकर मंगलवार को सुबह की भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने बयान दिया था कि प्रदेश में 476 मंडल है, थोड़ी बहुत समस्या तो आती है।

माना मंडल अध्यक्ष के चुनाव में नियमों का पालन न करने की बात वहां के कार्यकर्ता कर रहे हैं। इनका कहना है कि चुनाव के लिए पार्टी ने जो नियम बनाए गए हैं, उनका पालन नहीं किया गया है। जिनको अध्यक्ष बनाया गया है, एक तो वे पहले किसी पद में नहीं रहे हैं, जबकि मंडल अध्यक्ष बनने के लिए पहले किसी पद में काम करना जरूरी है।



इसी के साथ पैनल में जिनका नाम था, उनमें उनका नाम शामिल नहीं था जिनको अध्यक्ष बनाया गया है। पैनल में पहले नंबर पर रंजीत सिंह गौतम और दूसरे नंबर पर नरेश पिल्ले का नाम था। पैनल में पांच नाम थे। लेकिन पैनल से बाहर जाकर किसी और को अध्यक्ष बना दिया गया है। नए अध्यक्ष के नाम के ऐलान के बाद माना के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया और ठाकरे परिसर पहुंच कर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू से शिकायत करते हुए भी वहां पर भी जमकर हंगामा किया। श्री साहू ने कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता माने नहीं और मंडल अध्यक्ष को बदलने की मांग करते रहे।

### गरियाबंद का विवाद आया पहले सामने

प्रदेश में भाजपा के 476 मंडल हैं, इनमें अध्यक्ष बनाने के लिए चुनाव हो रहा है। अब तक चार सौ से ज्यादा मंडलों में चुनाव हो गया है। इस बीच एक दिन पहले गरियाबंद में एक मंडल अध्यक्ष के चुनाव को लेकर विवाद सामने आया। झाखरपारा में पहले उमाशंकर को मंडल अध्यक्ष बनाया, लेकिन बाद में भगवानो बेहेरा का नाम घोषित कर दिया गया। जिससे उनके समर्थकों और समाज के लोगों ने नाराजगी जताई है। फिंगेश्वर में भाजपा के वरिष्ठ नेता भगवत हरित की बहू मंजुलता हरित को मंडल अध्यक्ष बनाया गया। उनके नाम का ऐलान होते ही बैठक में जमकर हंगामा हो गया। पेंड्रा में भी मंडल अध्यक्ष के चुनाव में विवाद सामने आया है। मंडल अध्यक्ष के लिए राष्ट्रीय संगठन ने 45 साल की आयु सीमा तय की है, कुछ स्थानों से यह भी शिकायत है कि वहां पर इससे ज्यादा उम्र के लोगों को अध्यक्ष बना दिया गया है।

# तेलीबांधा तालाब में तुलसी पूजन दिवस पर जुटे साधक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में तुलसी पूजन दिवस का आयोजन तेलीबांधा तालाब के समीप किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में साधक शामिल हुए। युवा सेवा संघ और महिला उत्थान मंडल के तत्वाधान में भारतीय संस्कृति में तुलसी की महत्ता को जन-जन तक पहुंचाने कार्यक्रम आयोजन किया गया।

तुलसी पूजन दिवस के मौके पर मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अतिथि के रूप में संत शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल, रायपुर ग्रामीण क्षेत्र विधायक मोतीलाल साहू, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, कथा वापसी संघ के अवधेश जैन, समरसता प्रमुख चैतराम अग्रवाल, संघ के वरिष्ठ जन भगवती प्रसाद शर्मा सहित गणमान्य जन शामिल हुए। तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर संस्था के एमके गुप्ता ने बताया कि 25 दिसंबर को तुलसी पूजन की शुरुआत 2014 में हुई। इसे आज देश-विदेश में में उत्साह के साथ मनाया जाता है। अगस्त्य संहिता में इस बात का जिक्र आता है कि संसार में तुलसी से अधिक पवित्र वस्तु दूसरी कोई नहीं है । वैज्ञानिकों ने भी इस बात को स्वीकारा है कि तुलसी कैंसर रोधी, मधुमेहरोधी, कीटाणुनाशक, हृदयरक्षक तथा पेट के रोगों से रक्षा करने वाली दिव्य औषधि है । संस्था के लेखराम साहू ने बताया कि 25 दिसम्बर से एक माह पूर्व से प्रतिदिन गांव-गांव, सोसाइटियों सहित अन्य स्थानों में समिति के सेवाधारियों द्वारा तुलसी पूजन कार्यक्रम किया जाता है तथा तुलसी की महिमा से लोगों को अवगत कराते हैं। कार्यक्रम में तुलसी का पूजन, प्रदक्षिणा और आरती की गई। इस कार्यक्रम के उपस्थित लोगों ने आरोग्यता बढ़ाने के लिए रोज 5 तुलसी के पत्ते खाने और अपने घर और मोहल्ले में इसी प्रकार प्रतिवर्ष 25 दिसम्बर को तुलसी के सामूहिक पूजन का आयोजन करने का संकल्प लिया।

### नेशनल स्पर्धा के प्रतिभागियों को मंडल ने भेंट किए ट्रैक सूट, किट



रायपुर। आंध्रप्रदेश के कर्नूल जिले में तीन दिवसीय 27 से 29 दिसंबर तक आठवीं रिंग फाइट नेशनल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस नेशनल स्पर्धा में 22 राज्यों की टीम हिस्सा लेगी। छत्तीसगढ़ की टीम पहली बार इस स्पर्धा में भाग लेने जा रही है। छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन ने स्पर्धा में भाग लेने के लिए 11 खिलाड़ियों का चयन किया हैं, जिन्हें मंगलवार को महाराष्ट्र मंडल में ट्रैक सूट और किट दिया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में एसोसिएशन के संरक्षक अजय मधुकर काले और अध्यक्ष चेतन गोविंद दंडवते ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि स्पर्धा में शामिल होने वाले सभी खिलाड़ी 12 से 22 वर्ष की आयु वर्ग के हैं।

# सुंदर नगर के रहवासी करेंगे जोन मुख्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड के रहवासी वार्ड में सफाई, पानी, बिजली, सड़क मरम्मत में कोताही की समस्या को लेकर जोन दफ्तर का घेराव करेंगे। इसके साथ ही प्रभावित इलाके के रहवासी नगरीय प्रशासन मंत्री से मिलकर ठेकेदार के खिलाफ शिकायत पत्र सौंपेंगे। वार्डवासियों ने प्रगति चौक क्षेत्र, पुराना रायपुर कान्वेंट स्कूल के पास, मदर्स प्राइड स्कूल के पीछे, फुटबॉल हाउस क्षेत्र, ओम सोसाइटी, कारगिल चौक और चन्द्रशेखर नगर तथा अश्विनी नगर क्षेत्र के अंतर्गत सड़कों का काम कराये जाने की मांग की है। दरअसल, सुन्दर नगर वार्ड के रहवासी वार्ड पार्षद के पास सीसीटीवी लगाने, सुंदर नगर चौक में सिग्नल लगाने, गार्डन और सड़कों में लाइट की व्यवस्था सुधारने की मांग लगातार करते आ रहे हैं, पर इनकी मांगों को ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे प्रभावित इलाकों के रहवासियों में नाराजगी व्याप्त है। वार्ड के रहवासी और कंकाली पारा वार्ड के पूर्व पार्षद दीपक कृपलानी, कांग्रेसी नेता संदीप तिवारी का कहना है, पंडित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड में सड़कों के ऊपर डामरीकरण का कार्य चल रहा है जिसमें पार्षद द्वारा राजनीतिक दुर्भावना रखकर ठेकेदारों को निर्देशित कर काम कराया जा रहा है। संदीप तिवारी ने कहा कि पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड के अनेक क्षेत्र ऐसे हैं जहाँ पर कार्य नहीं कराया जा रहा है जैसे प्रगति चौक क्षेत्र, पुराना रायपुर कान्वेंट स्कूल के पास, मदर्स प्राईड स्कूल के पीछे, फूटबॉल हाउस का क्षेत्र, ओम सोसायटी, कारगिल चौक का क्षेत्र, चन्द्रशेखर नगर और अश्वनी नगर क्षेत्र के अंतर्गत दर्जन भर गलियां है, जहाँ पर लगभग 3000 से भी अधिक मतदाता हैं, ऐसे क्षेत्रों में भी सड़कों का काम कराना बहुत जरूरी है।













